www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार 19 फरवरी 2022, कृष्ण पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-303 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

जिंदगी की हर सुबह कुछ शर्तें लेकर आती है, और जिंदगी की हर शाम कुछ तजुर्बे देकर जाती है..!!

आज बेबाक

इसे कहते है मौका देखकर चौका जड़ना। पंजाब में मतदान के ठीक पहले कविराज ने घुंघरू सेठ की पोल खोलकर उनकी बैण्ड बजा दी है। कुमार विश्वास आम आदमी पार्टी के संस्थापकों में से एक रहे है और अरविंद केजरीवाल के जिगरी दोस्त रह चुके है लेकिन अब वे जानी दुश्मन की भूमिका में आ गए है। उन्होने केजरीवाल के खालिस्तान समर्थकों के साथ गठजोड़ का जो सनसनीखेज खुलासा किया है वो बेहद गंभीर है। यदि केजरीवाल इस आरोप पर सफाई नहीं दे पाते है तो पंजाब से झाड़ू साफ हो सकती है और उनके दिल के अरमां आंसूओं में बह सकते है।

छत्तीसगढ़ में लगेगा टेक्सटाइल प्लांट, 7 मार्च को पेश होगा बजट

कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले, शुरू होगी बालवाड़ी

रायपुर (नवप्रदेश)। शुक्रवार को सीएम भूपेश बघेल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 16 प्रस्तावों पर मंजूरी दी गई। इसमें बजट 2022-23 का भी अनुमोदन किया गया। बजट आगामी 7 मार्च को विधानसभा में पेश किया जाएगा। कैबिनेट बैठक के बाद कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि प्रदेश में पहली बार सरकार टेक्सटाइल प्लांट लगाने जा रही है। जिनमें सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा प्रदेश के 5 से 6 साल के 3 लाख बच्चों के लिए बालवाड़ी खोलने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई गई है। मंत्री ने बताया कि सरकार नए उद्योगों को बढ़ावा देने लिए इंडस्ट्रीज को प्रोत्साहन पैकेज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भूपेश कैबिनेट के अहम फैसले

- तृतीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2021-22 का विधानसभा में उपस्थापन के संबंध में छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक 2022 का अनुमोदन किया गया।
- बजट अनुमान वर्ष 2022-23 का विधानसभा में उपस्थापन के लिये छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक 2022 का अनुमोदन किया गया।
- छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम 2002 में संशोधन हेतु छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण विधेयक 2022 का अनुमोदन किया गया।
- संचालनालय आयुष के अंतर्गत विभिन्न जिलों में फार्मासिस्ट के रिक्त पदों की भर्ती किये जाने हेतु भर्ती परिणाम की वैधता एक वर्ष के लिये बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया।
- राज्य के 6536 स्थानों पर जहां आंगनबाड़ी केंद्र स्कूल परिसर में स्थित हैं वहां 05 से 06 वर्ष के बच्चों के लिये बालवाड़ी प्रारंभ किये जाने के स्कूल शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर अनुमोदन किया गया। इससे राज्य के 5-6 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सूर्योदय

उदय : 6:23 प्रातः

अस्त : 5:37 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,928,007,290

भारत : 1,402,550,896

बाजार

सेंसेक्स : 57832.97

निफ्टी : 17276.30

गोल्ड : 50,510 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 63,800 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.39 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	31.7	16.9
बिलासपुर	31.7	16.7
जगदलपुर	31.9	15.3
अंबिकापुर	27.1	12.3

आज का दिवस

मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस : भारत हर साल मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस 19 फरवरी को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की शुरुआत करने और योजना के लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। 2022 में एसएचसी योजना के लांच के सात वर्ष पुरे हुए है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 फरवरी 2015 को राजस्थान के सूरतगढ़ में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना शुरू की। इस योजना का उद्देश्य हर दो साल में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करना है।

21 धमाके, 56 मौत : 38 को फांसी

11 दोषियों को मृत्यु तक कारावास की सजा

दिल्ली (ए.)। 2008 में अहमदाबाद में हुए धमाकों के 49 दोषियों में से 38 को मौत की सजा सुनाई गई है. एक विशेष अदालत ने इस फैसले के साथ साथ बाकी 11 दोषियों को मृत्यु तक कारावास की सजा सुनाई है.26 जुलाई, 2008 को अहमदाबाद में कई स्थानों पर करीब 70 मिनटों के अंदर कुल 22 बम धमाके हुए थे जिनमें 56 लोग मारे गए थे और करीब 200 लोग घायल हो गए थे. 78 लोगों पर इन धमाकों में शामिल होने का आरोप लगा था. इसी साल आठ फरवरी को इस मामले में सुनवाई को जल्दी पूरी करने के लिए नियुक्त की कई विशेष अदालत ने 78 में से 49 को दोषी पाया था. विशेष जज एआर पटेल ने इन 49 में से 48 दोषियों के ऊपर प्रति व्यक्ति 2.

85 लाख रुपयों का जुर्माना भी लगाया. इसके अलावा उन्होंने गंभीर रूप से घायल लोगों को 50,000 रुपए और कम गंभीर रूप से घायल लोगों को 25,000 रुपए हर्जाना दिए जाने का भी आदेश दिया. इन बम धमाकों में अहमदाबाद के कुछ अस्पतालों, बसों और दूसरे सार्वजनिक स्थानों को निशाना बनाया गया था. पार्क की हुई साइकिलों और गाड़ियों में बम छुपाए गए थे जो 70 मिनटों के अंदर अंदर एक के बाद एक फट पड़े. धमाकों के बाद कई मीडिया संगठनों ने दावा किया कि उन्हें इंडियन मुजाहिद्दीन नाम के एक संगठन से ईमेल मिली थी जिसमें उसने धमाकों की जिम्मेदारी ली थी. संगठन ने दावा किया था कि ये धमाके 2002 के गुजरात दंगों और 1992 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद को गिरा दिए जाने के बदले में किए गए थे.

उस साल अहमदाबाद से पहले भारत के दो और शहरों में बम धमाके हुए थे. बेंगलुरु में उसके ठीक एक दिन पहले धमाके हुए थे और जयपुर में उससे करीब दो महीने पहले मई में. अहमदाबाद धमाकों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इंडियन मुजाहिदीन ने लिया था गोधरा का बदला

अहमदाबाद में सीरियल ब्लास्ट इंडियन मुजाहिदीन ने 2002 में गोधरा कांड का बदला लेने के लिए किए थे. आतंकियों ने टिफिन में बम रखकर उसे साइकिल पर रख दिया था. भीड़-भाड़ और बाजार वाली जगहों पर ये धमाके हुए थे. इन धमाकों में इंडियन मुजाहिदीन और स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया से जुड़े आतंकी शामिल थे. धमाकों में इंडियन मुजाहिदीन के 12 आतंकी शामिल थे. धमाकों से 5 मिनट पहले आतंकियों ने न्यूज एजेंसियों को एक मेल भी किया था जिसमें लिखा था, 'जो चाहो कर लो. रोक सकते हो तो रोक लो.'

इन 38 दोषियों को मिली फांसी की सजा

1. जहीद कुतबुद्दीन शेख (सिमी के लिए फंड इकट्ठा किया. इन पैसों के जरिए ब्लास्ट किए गए)
2. इमरान इब्राहीम शेख
3. इकबाल कसम शेख (ठक्करनगर में साइकिल बम रखा, एएमटीएस की बस नं.150 में ब्लास्ट किया)
4. समसुद्दीन शाहबुद्दीन शेख
5. गयासुद्दीन अब्दुल हलिम अंसारी
6. मोहम्मद आरिफमोहम्मद इकबाल कागजी
7. मोहम्मद उस्मान महम्मद अनीस अगरबत्तीवाला
8. युनुस मोहम्मद मंसूरी
9. कमरुद्दीन चाँद मोहम्मद नागोरी
10. आमिल परवाज काजी सैफुद्दीन शेख
11. सबली उर्फ साबित अब्दुल करीम मुस्लिम
12. सफदर उर्फ हुसेनभाई उर्फ इकबाल जहरुल हुसेन नागोरी (सिमी के लिए फंड इकट्ठा किया. पैसों का इस्तेमाल बम ब्लास्ट के लिए किया गया)
13. हाफिज हुसेन उर्फ अदनान ताजुद्दीन मुल्ला
14. मोहम्मद साजिद उर्फ सलीम उर्फ सज्जाद उर्फ साद गुलाम ख्वाजा मंसूरी
15. मुफ्ती अबूबशर उर्फ अब्दुल रशीद उर्फ अब्दुल्ला अबुबकर शेख (ब्लास्ट के लिए मीटिंग्स की, जिहादी भाषण दिए)
16. अब्बास उम्र समेजा
17. जावेद अहमद सगीर अहमद शेख
18. मोहम्मद इस्माइल उर्फ अब्दुल राजिक उर्फ मुसाफ उर्फ फुरकान महमद इसाक मंसूरी (मणिनगर के एलजी अस्पताल में बम का सामन तथा गैस भरी बोतल से भरी कार रखी)
19. अफजल उर्फ अफसर मुतल्लिब उस्मानी (सिविल अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड के पास विस्फोटक से भरी हुई कार रख कर ब्लास्ट करवाया)
20. महम्मद आरिफउर्फआरिफबदर उर्फ लदन सन ऑफ बदरुद्दीन उर्फ जुम्मन शेख
21. आसिफउर्फहसन बशीरुद्दीन शेख
22. कयामुद्दीन उर्फ रिजवान उर्फ अशफाक सरफुद्दीन कापडिया (झूठे पहचान पत्र से मोबाइल सिम कार्ड लिए)
23. मोहम्मद सेफ उर्फ़ राहुल सागाद एहमद उर्फ़मिस्टर शेख
24. जीशान एहमद उर्फ़ राहुल साबाद एहमद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी बाइक

मां-बेटे सहित 4 की मौत, एक ही बाइक पर थे सवार

रायपुर (नवप्रदेश)। महासमुंद जिले में भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटा भी शामिल है। सभी मृतक एक-दूसरे के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। यह हादसा झलप-बागबाहरा रोड पर बरेकेल मोड़ के पास हुआ है। घर में शादी कार्यक्रम था, इसलिए गुरुवार की रात सभी एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। हादसे में एक ही गांव के चार लोगों की मौत की खबर के बाद बसुलाडबरी गांव में मातम पसरा है।

पटेवा टीआई कुमारी चंद्राकर ने बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 06 जीके 4754 में चार लोग सवार थे। गुरुवार 17 फरवरी की रात सभी ढांक गांव से गृहग्राम बसुलाडबरी (बागबाहरा) जा रहे थे। तभी झलप-बागबाहरा के बीच बरेकेल मोड़ के पास हादसे का शिकार हो गए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चारों की मौके पर ही मौत

पुलिस के अनुसार सभी लोग ढांक से आ रहे थे। वे कलमीदादर-तेंदूकोना मार्ग से होकर बसुलाडबरी जा रहे थे। मृतकों की पहचान जामलाल पिता लक्ष्मण नागवंशी, हुमन लाल पिता उमाशंकर (18 वर्ष), बुगली बाई पति पुरुषोत्तम (45 वर्ष) व प्रेमलाल पिता पुरुषोत्तम (18 वर्ष) के रूप में हुई है। चारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सभी मृतक आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मृतकों के शव को पीएम के लिए बागबाहरा सामुदायिक केंद्र भिजवाया है। इधर एक ही गांव के चार लोगों की मौत की खबर के बाद बसुलाडबरी गांव में मातम पसरा है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

जगदलपुर (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के धुर नक्सल प्रभावित ताडोकी इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। गुरूवार देर रात हुई इस मुठभेड़ के दौरान लगभग एक घंटे तक दोनों तरफ से भारी गोलीबारी की खबर है। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने घटना की पुष्टि की है। कोसरोंडा के जंगलों में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की खबर पुलिस को लगी थी। इसके बाद पुलिस की संयुक्त पार्टी सर्च ऑपरेशन पर निकली। रात करीब एक बजे जवानों का नक्सलियों से आमना-सामना हुआ और दोनों ओर से गोलीबारी शुरु हो गई।

पूरे शहर में धमाकों को अंजाम देने के लिए आईईडी तैयार किए थे : दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना का कहना है कि गुरुवार को सीमापुरी के एक घर और पिछले महीने गाजीपुर बाजार में मिले आईईडी शहर भर में सार्वजनिक स्थानों पर विस्फोट करने के इरादे से तैयार किए गए थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय समर्थन के बिना ऐसी गतिविधियां संभव नहीं हैं। वहीं, पुरानी सीमापुरी इलाके में आईईडी युक्त बैग मिलने के एक दिन बाद पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है और वहां अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया है। 2.5 से 3 किलोग्राम वजनी इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को बाद में डिफ्यूज कर दिया गया। पुलिस घर के मालिक और एक प्रॉपर्टी डीलर से पूछताछ कर रही है।

शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए राकेश अस्थाना ने कहा कि 17 जनवरी को गाजीपुर में और कल जो आईईडी बरामद किया गया है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जी-20 सचिवालय की स्थापना को कैबिनेट की मंजूरी

नयी दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के जी-20 समूह की अध्यक्षता के पहले देश में जी-20 सचिवालय एवं उसके लिए ढांचागत सुविधाओं को स्थापित करने की आज स्वीकृति प्रदान की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह स्वीकृति प्रदान की गयी। भारत एक दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी-20 समूह की अध्यक्षता करेगा। जी-20 सचिवालय एवं उसकी ढांचागत सुविधाएं समग्र नीतिगत निर्णयों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होंगी।

यूक्रेन से तनाव के बीच मिसाइल ड्रिल करने जा रहा है रूस, देखने पहुंचेंगे व्लादिमीर पुतिन

नई दिल्ली (ए.)। यूक्रेन के साथ जारी तनाव के बीच रूस मिसाइल ड्रिल करने जा रहा है। यही नहीं खुद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी इस ड्रिल को देखने पहुंचेंगे। समाचार एजेंसियों ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रूसी 'रणनीतिक ताकतों' से जुड़े सैन्य अभ्यास की देखरेख करेंगे, जिसमें बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल लॉन्च भी शामिल होंगे।

समाचार एजेंसियों ने रूसी रक्षा मंत्रालय द्वारा दिए गए एक बयान के हवाले से कहा, ÷19 फरवरी, 2022 को रूस के सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर-इन-चीफ व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में, रणनीतिक निरोध बलों का एक नियोजित अभ्यास आयोजित किया जाएगा, जिसके दौरान बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों को लॉन्च किया जाएगा।

रूस की एयरोस्पेस फोर्सेज और स्ट्रेटेजिक रॉकेट फोर्सेज उस सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेंगे, जिसे सेना ने रणनीतिक निरोध अभ्यास के रूप में बताया है। रूस की ग्राउंड फोर्सेज का साउदर्न डिस्ट्रिक्ट मिसाइल प्रक्षेपण में नौसेना के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राजस्थान के सीकर में भूकंप के झटके

सीकर (वार्ता)। राजस्थान के सीकर में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किये गये। मौसम विभाग के अनुसार भूकंप सुबह आठ बजकर एक मिनट पर आया जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3 8 मापी गई। भूकंप का केन्द्र सीकर जिले के देवगढ़ रहा और यह जमीन से पांच किलोमीटर नीचे आया। भूकंप से घर के दरवाजों एवं बंद दुकानों के शटरों में कुछ सैकंड के लिए गड़गड़ाहट की आवाज सुनाई दी। भूकंप आने से लोग घरों से बाहर निकल गए। हालांकि इससे कहीं से कोई जानमाल एवं अन्य नुकसान की सूचना प्राप्त नहीं हुई हैं।

गरमा-गरम

फैसला... सुप्रीम कोर्ट ने कहा- वसूले गए करोड़ों रुपये भी लौटाएं

योगी सरकार ने सीएए प्रदर्शनकारियों के खिलाफ भरपाई नोटिस लिया वापस

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) के प्रदर्शनकारियों से बरामद करोड़ों रुपये वापस करने को कहा है। दरअसल, योगी सरकार ने शुक्रवार को SC को बताया कि उसने सार्वजनिक और निजी संपत्ति को हुए नुकसान के लिए 2019 में सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई और 274 रिकवरी नोटिस वापस ले ली है। इसके जवाब में जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस सूर्यकान्त की बेंच ने कहा कि राज्य सरकार करोड़ों रुपये की पूरी राशि वापस करेगी, जो इस कार्रवाई के तहत कथित प्रदर्शनकारियों से वसूली गई थी।

बहरहाल, कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को नए कानून के तहत कथित सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की स्वतंत्रता दी है। मालूम हो कि सार्वजनिक और निजी संपत्ति नष्ट करने के लिए यूपी सरकार भरपाई कानून को 31 अगस्त 2020 को अधिसूचित किया गया था। पीठ ने अतिरिक्त एडवोकेट जनरल गरिमा प्रसाद की उस दलील को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि प्रदर्शनकारियों और राज्य सरकार को निधि निर्देशित करने की बजाय दावा अधिकरण का रुख करना चाहिए।

सुको ने योगी सरकार को लगाई थी फटकार

उत्तर प्रदेश सरकार ने दिसंबर 2019 में कथित CAA विरोधी प्रदर्शनकारियों को जारी भरपाई नोटिस पर कार्रवाई की थी, जिसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने 11 फरवरी को उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार को फटकार लगाई थी। इसके साथ ही न्यायालय ने सरकार को अंतिम अवसर दिया था कि वह कार्रवाई वापस ले हुए चेतावनी दी थी कि उसकी यह कार्रवाई कानून के खिलाफ है इसलिए अदालत इसे निरस्त कर देगी।

इंद्राणी की जमानत याचिका पर तीन मार्च को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय मुंबई के बहुचर्चित शीना बोरा हत्याकांड मामले में मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी की जमानत याचिका पर तीन मार्च को सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति टी एस नरसिम्हा की पीठ ने शुक्रवार को अभियुक्त इंद्राणी की जमानत याचिका पर सुनवाई की अपील स्वीकार करते हुए इस संबंध में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से अपना जवाब देने को कहा। न्यायमूर्ति राव ने कहा कि पीठ इस मामले पर दो सप्ताह बाद 13 मार्च को सुनवाई करेगी।

पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कई दलीलें पेश कर इंद्राणी की याचिका पर सुनवाई की मांग की। उन्होंने कहा, मुकदमा पिछले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चौथे चरण तक सपा को मिल जायेगा सरकार बनाने का जनादेश

फिरोजाबाद (वार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव के चौथे चरण तक सपा सरकार बनाने लायक बहुमत हासिल कर लेगी। नसीरपुर मे पीडी जैन इंटर कालेज ग्राउण्ड में गुरूवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि भाजपा सरकार धीरे-धीरे सभी सरकारी संस्थानों को बेच रही है। यह आरक्षण खत्म करने की साजिश है। जब सरकारी संस्थान नहीं रहेंगे तो संविधान के अनुसार हक और सम्मान कैसे मिलेगा। नौजवानों को नौकरियां कहां मिलेंगी।

जैजैपुर विधानसभा में 35 सड़कों की बदलेगी तस्वीर

जैजैपुर। विधायक केशव प्रसाद चंद्रा की पहल पर जैजैपुर विधानसभा के गांवों को जोड़ने वाली सभी 35 सड़कों की तस्वीर बदलने वाली है। कहा जाता है कि अगर देश का विकास करना हो तो सबसे पहले.सड़कों का विकास करना चाहिए। देश की तस्वीर खुद बदल जायेगी। जैजैपुर विधायक केशव प्रसाद चंद्रा ने इस बात को गांठ बांध कर रखा था और समय समय पर सड़क निर्माण के लिये राज्य से राशि का आबंटन लाते रहे है परंतु उन्होंने इस बार एक या दो नही पूरे पैतीस सड़कों की तस्वीर बदलने का निर्णय लिया है और 35 सड़क निर्माण की स्वीकृति करा ली है।

जैजैपुर विधायक केशव प्रसाद चंद्रा ने बताया कि उनकी अनुसंशा पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा 35 सड़कों के नवनीकरण संधारण कार्य के लिए 21 करोड़ 3 लाख 59 हजार रूपए की मंजूरी प्रदान की गई है। उम्मीद की जा रहीं हैं कि इन सड़कों की तस्वीर बदलने के साथ जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीरे भी बदल जायेगी। जिसके तहत अमलीडीह से भातमाहुल 69.87 लाख, देवरघटा से बैहागुडरु 27.77लाख, हरेठिकला से तुमिडीह 17.20 लाख रुपये, जैजैपुर से अरसिया 77.45 लाख रुपये, कैथा से गुडरुकला 45.03 लाख रुपये, मेनरोड से हरेठिकला 58.96 लाख रुपये,

मेन रोड से किकिरदा 17.79 लाख रुपये, परसाडीह से जर्वे 37.86 लाख रुपये, मेनरोड से बेलकर्री 104.46 लाख रुपये, खैरझिति से बोइरडीह 25.21 लाख रुपये, मेनरोड से काशिगढ़ 68.51 लाख रुपये, मेनरोड से मुक्ता 68.51 लाख रुपये, ओडेकेरा से आमकोनी 43.23 लाख रुपये, मेनरोड से बहेराडीह 46.24 लाख रुपये, रिवाडीह से अमलीडीह 29.43 लाख रुपये, तुसार से गलगलाडीह 68.33 लाख रुपये, खजुरानी से करौवाडीह 98.33 लाख रुपये, सिरली से हरदी 37.80 लाख रुपये, सिरली से कुम्हारीपठान 58.53 लाख रुपये, मेनरोड से बर्रा 35.22 लाख रुपये, रायपुरा से लोहराकोट 99.26 लाख रुपये, मेनरोड से केकराभाठ 108.73 लाख रुपये, मेनरोड से छितापण्डरिया 177.46 लाख रुपये, मेनरोड से दतौद 38.14 लाख रुपये, मेनरोड से अकलसरा 59.80 लाख रुपये, मेनरोड से कलमिडीह 26.57 लाख रुपये, मेनरोड से सोनसरी 53.22 लाख रुपये, मेनरोड से ठूठी 49.28 लाख रुपये, मेनरोड से सोनाईडीह 62.46 लाख रुपये, . मेनरोड से बडग़डी 84.08 लाख रुपये, मेनरोड से भावरमाल 50.17 लाख रुपये, मेनरोड से मोहगांव 54.03 लाख रुपये, मेनरोड से रिवाडीह 27.63 लाख रुपये, मेनरोड से भदरा 74.05 लाख रुपये व 35. मेनरोड से मुड़पार 24.97 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है।

नाला किनारे स्थित कृषि फॉर्म का सिंचाई पंप चोरी

जंजगीर-चांपा। खेत किनारे फुकीनाला में लगे पंप को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। मामला शिवरीनारायण अंतर्गत ग्राम तनौद का है। पामगढ़ वि. ख. अंतर्गत ग्राम तनौद थाना शिवरीनारायण के फुकीनाला किनारे नरेश कँवर पिता बीरेंद्र कँवर का कृषि फॉर्म में 2 एचपी का टेक्समो सरफेस पंप लगा हुआ था जिसे दो दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने चोरी कर ले गया। जिसकी सूचना थाने में दर्ज करा ली गई है।इस घटना के कुछ दिन पूर्व ही गौठान स्थित सिंचाई पंप व कृषक विजय पटेल की सिंचाई पंप की चोरी की घटना सामने आई है।

मुख्यमंत्री ने हसन अली की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शायर हाजी हसन अली की 19 फरवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री बघेल ने अपने संदेश में कहा है कि हाजी हसन अली 'हसन' ने आजीवन उर्दू भाषा और साहित्य की सेवा की। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उर्दू के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रतिवर्ष हाजी हसन अली सम्मान दिया जाता है।

निर्माणाधीन मकान में मोमबत्ती की रोशनी में चल रहा था जुआ, 7 जुआरी पकड़े गए

जांजगीर-चांपा। चांपा के निर्माणाधीन मकान में मोमबत्ती की रोशनी में जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1 लाख 44 हजार जब्त किया है। जुआरियों के खिलाफ13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 फरवरी को टाउन पेट्रोलिंग एवं मोटर चेकिंग के लिये रवाना हुए थे कि मुखबीर से सूचना मिली कि नया ज्ञान गंगा स्कूल के पास नरेश कंसारी के निमार्णाधिन मकान के सामने आम जगह पर कुछ जुआरी मोमबत्ती के रोशनी में काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, अनुविभागीय अधीक्षक पद्मश्री तंवर को अवगत कराकर सउनि दिलीप सिंह एवं हमराह स्टाफ के द्वारा मौके पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस को आते देख कुछ जुवाड़ियान निमार्णाधिन मकान में छिपने लगे पुलिस जुवाड़ियों को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये। छापेमारी कार्रवाई के दौरान चेतन साहू चांपा, आनंद केंवट चांपा, रामेश्वर बरेठ चांपा, मोहन साहू चांपा, नरेश कंसारी चांपा, लोकेश देवांगन चांपा व गुनीराम साहू पिसौद से जुमला जप्ती रकम एक लाख चौवालीस हजार दो सौ चालीस रूपये 1 लाख 44 हजार 240 रूपये बावन पत्ती तास जला हुआ मोमबत्ती एक बोरा फ्ट्टी जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सउनि दिलीप सिंह, प्रधान आरक्षक अजय चतुर्वेदी, आरक्षक ईश्वरी राठौर, रोहित कहरा, गौतम तेन्दुलकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल प्रयोगशाला से चोरों ने की लगभग 1 लाख रुपए की सामग्री पार

- अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

मालखरौदा। पुलिस थाने के बगल में स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित है। यहां पदस्थ शिक्षक ने 16 तारीख शाम को 5:30 बजे स्कूल बंद कर सभी अपने घर चले गए वहीं दूसरे दिन 17 तारीख को 10 बजे स्कूल खोलें तो कंप्यूटर टीचर शिबा परवीन भौतिक प्रयोगशाला में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कमरा का ताला टूटा हुआ है अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। उन्होंने प्राचार्य को इसकी जानकारी दी साथ ही सभी चोरी गए सामानों का जानकारी एकत्रित करें प्राचार्य हीरालाल भारती ने पुलिस थाना में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया रिपोर्ट में उन्होंने लिखा है कि कंप्यूटर मॉनिटर 3 नग एसर कंपनी कीमत 16500 रुपये 1नग कैमरा सोनी कंपनी कीमत 5000 रुपये ,हेडफोन 5 नग जोबरिक कंपनी जिसकी कीमत 1995 रुपया उसी प्रकार लैपटॉप 3 नग एचपी कंपनी जिसकी कीमत 60000 रुपये कुल सभी सामान का कीमत 83495 रुपये का सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले गई है बता दें पिछले 1 माह से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चोरी की घटनाएं घट रही है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं चाहे वह कलमी पिहरिद में किसानों का बोर से केबल चोरी हो लगातार हो रही चोरी की घटना से क्षेत्र के पुलिस की निक्रियता पर सवाल उठने लगा फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट पर 380, 457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। थाना प्रभारी विनोद मंडावी का कहना है कि हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ चोरी का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

गाजे बाजे के साथ गुड़ी चौक में हुआ हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा

जांजगीर-चांपा। श्री सिद्धि विनायक गणेश जी की पावन धरा ग्राम करमंदी (नैला) में कीर्तन मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से गांव के हृदय स्थल गुड़ी चौक में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम के दूत हनुमान जी की आकर्षक प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यकम वैदिक मंत्रो एवं जयघोष के साथ मंगलवार 15 फरवरी को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें गांव की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए तालाबों से जल भरकर मंदिर स्थल पहुंची। इसके पश्चात कलश पूजन एवं वेदमंत्रों के साथ मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चलता रहा। इस कार्यक्रम में गांव के अलावा अन्य गांवों से लोग श्रद्धापूर्वक भगवान के दर्शन लाभ करने के लिए काफी संख्या में उपस्थित थे। सबसे खास बात यह है कि मूर्ति का निर्माण किसी कलाकार ने नहीं किया।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन का जिला स्तरीय वार्षिक कैलेण्डर विमोचित

सक्ती। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन जिला सक्ती का वर्ष 2022 का वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती बीएल खरे, गिरधर जायसवाल नोटरी सक्ती, पिंटू ठाकुर युवा समाजसेवक, संगठन के प्रदेश महासचिव चंद्र प्रकाश तिवारी के कर कमलों से विमोचन हुआ। नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि समय पर स्कूल जाएं और कोरोना के कारण बच्चों का पढ़ाई का स्तर कमजोर हुआ है उसे पूरा करें। संगठन के प्रांतीय महासचिव ने जिला शिक्षा अधिकारी को आश्वस्त किया कि मन लगाकर बच्चों को पढ़ाई कराएंगे और कोरोना के कारण बच्चों का पढ़ाई बाधित हुआ है उसे पूरा कराएंगे। कैलेंडर विमोचन में संगठन के जिला अध्यक्ष भोलाशंकर साहू, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शशि कला उरांव, कार्य जिला अध्यक्ष परस राम निषाद, राधेश्याम चंद्रा जिला संयोजक, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र मिश्रा, अभिमन्यु बघेल, जिला सचिव रामेश्वर आदित्य, जिला उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ विद्या साहू ब्लाक अध्यक्ष दीलिप सूर्यवंशी, राजकुमार चंद्रा, जय प्रकाश बघेल, अर्जुन सिंह बरेठ, ब्लाक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ दिब्या शुक्ला, संयोगिता रात्रे जिला पदाधिकारी भूषण बरेठ, चरण सिंह सिदार, तरूण कर्मवीर, रामदयाल कर्ष, पुष्पेन्द्र सिदार, लखेश्वर रात्रे, भोजेंद बरेठ, शशिकांत राउतराय, रोहित साहू, यशोदा जायसवाल, श्याम सिंह सिदार, मुन्ना उरांव, तरूण पटेल, महेश पटेल, पवन कुर्रे, धनवंती धीवर, ज्योति देवांगन, सिंधुलता साहू सहित अनेक शिक्षक साथी उपस्थित थे।

पीएनबी द्वारा आयोजित किया गया 'गो डिजिटल गो सिक्योर' वित्तीय साक्षरता शिविर

रायपुर। पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा अमलेश्वर में एक वित्तीय साक्षरता शिविर 'गो डिजिटल गो सिक्योर' का आयोजन किया गया तथा ग्रामीणों को वित्तीय प्रबंधन के प्रति जागरूक किया। वित्तीय साक्षरता सप्ताह के लिए इस वर्ष का विषय भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चुना गया है। यह रणनीतिक लक्ष्यों के रूप में वित्तीय शिक्षा 2020-2025 के लिए रणनीतिक योजनाओं में से एक है तथा इसी क्रम में बैंक डिजिटल माध्यमों से भुगतान में आसानी, उनकी सुरक्षा और ग्राहक सुरक्षा के बारे में अपने ग्राहकों और आम जनता के बीच जानकारी फैलाने और जागरूकता बढ़ाने का कार्य करेगा।

शिविर का आयोजन जितेंद्र स्वाई (मंडल प्रमुख, मण्डल-भिलाई) के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें असित बेहरा (वरिष्ठ प्रबंधक), टीम लीडर एवं सौरभ अधाओ (शाखा प्रमुख)ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्राहकों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों और सरकारी माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी शिविर में भाग लिया।

1,900 बूथों पर मिलेगी दो बूंद जिंदगी की

जिले में 27 से पिलाई जायेगी 0 से 5 वर्ष तक के शिशुओं को पल्स पोलियो की खुराक

- बीते साल की तुलना में 6,000 अधिक बच्चों का लक्ष्य

रायगढ़। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 2022 का आयोजन जिले में 27 फरवरी 2022 को किया जाएगा। पहले दिन बूथ पर तथा 28 फरवरी से 01 मार्च 2022 तक घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के लगभग पौने दो लाख बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जायेगी।

अधिकारीयों के अनुसार जिले में 1,79,414 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक दी जाएगीजिसके लिए 1,890 पोलियो बूथ पर 3,780 कर्मचारी और 402 पर्यवेक्षक निर्धारित स्थान जैसे पीलियो बूथ, रेलवे स्टेशन, हाट बजार, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाएंगे। जिले से उक्त अभियान की सतत् निगरानी को प्रत्येक विकासखण्डों के लिए निगरानी दल का गठन किया गया है। दल के द्वारा 27 फरवरी 2022 को बूथ लेवल पर भ्रमण किया जाएगा तथा 28 फरवरी से 01 मार्च 2022 तक घर-घर भ्रमण कर अभियान की सतत् निगरानी की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ भानू पटेल की देख-रेख में जिले की टीम अभियान को सफल बनाने के लिए भ्रमण करेगी।

स्वास्थ्य विभाग की शहरी क्षेत्र की सुपरवाइजर पुष्पलता पाणिग्रही बताती हैं कि उनकी तैयारी पूरी हो चुकी हैं। कोविड संक्रमण की तीसरी लहर खत्म हो जाने के बाद और इस टीकाकरण अभियान के शुरू होने में में 15 दिन का अंतर है। स्वास्थ्यकर्मी दोगुने जोश से इस बार पल्स पोडियो अभियान को सफल बनाने में मदद करेंगे।

कोविड टीकाकरण का मिलेगा लाभ

विदित हो कि इस बार जिले में लक्षित बच्चों की तादाद में बढ़ोत्तरी हुई है। बीते साल जिले में 1.73 लाख से ज्यादा बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाए जाने का लक्ष्य रखा गया था और इस साल 1.79 लाख से अधिक बच्चों को पोलियों की दवा दी जाएगी। इस तरह इस साल बच्चों की तादाद 6,000 से अधिक संख्या में बढ़ी है। जिले की 18 साल से अधिक आबादी का कोविड टीकाकरण लगभग हो चुका है और टीनएजर्स का भी लगभग पूरा होने को आया है 7 ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को उम्मीद है कि पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को अच्छा प्रतिसाद मिलेगा क्योंकि कोविड को लेकर लोगों में भय अपेक्षाकृत कम रहेगा।

दूरस्थ अंचलों में ज्यादा फोकस

टीकाकरण के बारे में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस एन केशरी ने कहा, अभिवाभाक बच्चों को पोलियो बूथ तक जरूर लाएं। केन्द्रों में बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो-दो बूंद पिलाने के लिए शासकीय कर्मचारियों और मितानिनों की तैनाती के साथ ,पल्स पोलियो के लिए मेला एवं बाजार स्थल तथा मोबाइल टीम टीकाकरण के जरिये भी खुराक की व्यवस्था की गई है। हमारा लक्ष्य है सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाई जा सके इसके लिए जिले के सार्वजनिक भवनों, बस स्टैण्ड में भी टीकाकरण केन्द्र बनाए गए हैं।

सर्वे के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जांजगीर-चांपा। क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत को सब नेशनल सर्टिफिकेशन अवार्ड हेतु नामांकित किया गया है जिसके अंतगर्त जिले में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वे किया जाना है। उक्त सर्वे जिले के समस्त विकासखंड में कुल 15 दल का चयन किया गया है। दल क्रमांक 1 बोड़सरा, 2 साँकर, 3 मोहदा बलौदा, 4 कीरित नवागढ़, 5 हथनेवरा बम्हनीडीह, 6 वार्ड नं 14 चाम्पा, 7 लहंगा सक्ती, 8 वार्ड नं 13 सक्ती, 9 पामगढ़, 10 सिंघीतराई, डभरा, 11 झर्रा मालखरौदा, 12 दरराभाठा जैजैपुर, 13 वार्ड नं 03 जांजगीर, 14 वार्ड नं 4 अकलतरा एवं दल क्रमांक 15 वार्ड नं 10 नगर पंचायत चंद्रपुर। प्रत्येक दल में 2 वालेंटियर चयनित कर सर्वे हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 फरवरी को प्रातः 11 बजे से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जांजगीर के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

रायपुर (नवप्रदेश)। चन्द्र बेहेरा मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा आज दिनांक 18-02-2022 को स्व.श्री चन्द्र बेहरा (पूर्व पार्षद - ब्लॉक अध्यक्ष 'सिविल लाईन ब्लॉक') का गँगा कुष्ट बस्ती में कुष्ट रोगियों को भोजन, फल व वस्त्र दान कर एवं श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद करते हुए पुण्यतिथि मनाया गया। कार्यक्रम में उनके पुत्र (पार्षद) पुरूषोत्तम चन्द्र बेहरा एवं परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।

पुनः लहरायेगी भारतीय ज्ञान परम्परा की पताकाः डॉ. अजीत डोभाल

रायपुर। 15 फरवरी को छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार संपन्न हुआ। वेबिनार का विषय था 'भारतीय ज्ञान और संस्कृति का वैश्विक आयाम'।

इस अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार मे देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कीर्तिचक्र प्राप्त डॉ. अजीत डोभाल मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। किंतु अपरिहार्य कारणों से वे कार्यक्रम में सम्मिलित नही हो पायें। उन्होंने पत्र के माध्यम से कार्यक्रम की सफलता हेतु शुभकामनायें प्रेषित की तथा आशा व्यक्त की भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत के प्राचीन ज्ञान, साहित्य, कला आदि परम्पराओं को पुनः विश्व पटल पर स्थापित करनें में सक्षम होगी तथा भारतीय ज्ञान परम्परा की पताका संपूर्ण विश्व में पुनः लहरायेगी। वेबिनार का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत के साथ प्रातः 6 बजे हुआ जो कि रात्रि 9 बजे तक पंद्रह घंटे तक निरंतर चलता रहा। इस प्रकार से ऑनलाईन वेबिनार में एक अनोखा विश्व कीर्तिमान स्थापित हुआ जिसे गोल्ड़न बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा प्रमाणित कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ में स्थापित सभी 15 निजी विश्वविद्यलयों के कुलाधिपतियों, कुलपतियों एवं कुल सचिवों द्वारा अपने-अपने विश्वविद्यालय के विषय में प्रस्तुति दी तथा सभी विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस वेबिनार में भारत की 15 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा अनेक मूर्धन्य विद्वानों ने निजी विश्वविद्यालयों की प्रस्तुति का गहनता पूर्वक अध्ययन कर उनके समग्र विकास हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। वेबिनार को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उइके ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान और संस्कृति ने भारत ही नहीं पूरे विश्व में अपना पहचान स्थापित किया है। भारत में ही जीवन मूल्यों पर आधारित वेदों, रामायण, महाभारत एवं गीता की रचना हुई हैं। इस अनूठा वेबिनार की रूपरेखा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष महामहोपध्याय डॉ. शिव वरण शुक्ल द्वारा तैयार की गयी तथा इसे सफल बनाने में छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के सदस्य अकादमिक डॉ. उमेश कुमार मिश्रा, अंशकालिक सदस्या डॉ. सरिता सिन्हा एवं सचिव डॉ. मनीषा शुक्ला तथा विनियामक आयोग के अन्य सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

वेबिनार के संयोजक एवं आयोग के अध्यक्ष महामहोपध्याय डॉ. शिव वरण शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत में अनेक महान ऋषियों एवं महापुरूषों ने जन्म लिए है, उनके विचारों और आदर्शो को पूरा विश्व स्वीकारता है। गौतम बुद्ध, चाणक्य, वाल्मीकि, सूरदास से लेकर रविंद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी मौलिक हैं। सभी निजी विश्वविद्यालयों ने वेबिनार में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने-अपने विश्वविद्यालय की प्रगति रिर्पोट प्रस्तुत की तथा कोविड काल के दौरान ऑनलाईन टीचिंग की चुनौतियों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शायर

हाजी हसन अली हसन की 37 वीं पुण्यतिथि पर

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध उर्दू शायर मरहूम हाजी हसन अली 'हसन' की 37 वीं पुण्यतिथि पर छत्तीसगढ़ गुलशने अदब ने श्रृद्धाजंलि अर्पित की। हाजी हसन अली 'हसन' ने हिन्दी से उर्दू पढ़ना-लिखना सीखने के लिए कई किताबें लिखी। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में राज्य अलंकरण की स्थापना की है। उनके सम्मान में उनकी स्मृति को यादगार बनाने के लिए वर्ष 2004 में दो लाख रूपये की धन राशि से हाजी हसन अली सम्मान की स्थापना की है। यह सम्मान उर्दू भाषा के शायरों और साहित्यकारों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जा रहा है। पहला हाजी हसन अली सम्मान राजधानी रायपुर में नवम्बर 2004 में आयोजित राज्योत्सव में देश के पूर्व प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता श्री अटल बिहारी बाजपेयी के हाथों श्री शौक जालंधरी और श्री सैयद रईस अहमद को प्रदान किया गया। 2006 में महामहिम राष्ट्रपति डॉ पी जे अब्दुल कलाम के कमकमलो से दिया गया। यह सम्मान निरंतर जारी है।

श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं..

केंद्रीय संयुक्त सचिव ने देखा कोसा धागाकरण का काम

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव रघुराज माधव राजेंद्रन ने कोसा धागाकरण के लिए कोरबा शहर में स्थापित प्रदेश के पहले वेट रिलिंग इकाई का निरीक्षण किया। संयुक्त सचिव ने रेशम विभाग के कोसाबाड़ी केन्द्र में पहुंचकर महिलाओं द्वारा कोकून से धागा निकालने के किये जा रहे काम का अवलोकन किया।

वेट रिलिंग इकाई का निरीक्षण किया

उन्होंने रेशम विभाग के सहायक संचालक से केन्द्र में स्थापित वेट रिलिंग और बुनियाद रिलिंग इकाई के बारे में जानकारी ली। कोसाबाड़ी केन्द्र में लगभग 45 महिलाएं वेट रिलिंग और बुनियाद मशीन से कोसा धागा निकालने के काम में संलग्न हैं। सहायक संचालक एस.डी शर्मा ने संयुक्त सचिव राजेन्द्रन को बताया कि एक ककून में लगभग एक हजार 500 मीटर धागा निकलता है। निकाले गये धागा शत प्रतिशत टसर सिल्क होता है। जिसकी कीमत बाजार में साढ़े चार हजार से साढ़े पांच हजार रूपये तक होती है।

तीन सौ परिवारों को घर बैठे मिला रोजगार

महिलाओं को धागा निकालने के लिए प्रशिक्षित भी किया गया है। सहायक संचालक ने राजेंद्रन को कोकून से कोसा धागा निकालने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। वेट रिलिंग के अलावा महिलाएं बुनियाद मशीन से भी धागा निकालने का काम कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि कोसा धागाकरण से जिले के तीन सौ परिवारों को घर बैठे रोजगार मिल रहा है। महिलाओं को घर में ही कोसा धागा निकालने के लिए मशीन भी दिया गया है। महिलाएं घरेलू कार्य के साथ-साथ आसानी से धागा निकालने का काम कर रही हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक लाभ भी मिल रहा है। इस दौरान जिला कलेक्टर कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के बुनकर उच्च गुणवत्ता के कोसा धागा के लिए चाईना और जापान जैसे देशों पर निर्भर थे। इस कमी को पूरा करने के लिए रेशम विभाग द्वारा वेट रिलिंग मशीन स्थापित किया गया है। इस मशीन से उच्च गुणवत्ता के कोसा धागा निकालने का काम महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। जिससे महिलाओं को प्रति माह अच्छी आमदनी हो रही है।

राजिम मेले में बड़ा हादसा, झूले से गिरे पति-पत्नी, गंभीर रूप से घायल

रायपुर/नवप्रदेश। राजिम माघी पुन्नी मेला के मीना बाजार में एक बड़ा हादसा हो गया। एक दम्पति झूला से गिर कर घायल हो गया है। घायल दम्पति को राजिम सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दम्पति अपने बच्चो के साथ डिस्को झूला झूल रहे थे। बच्चे अलग सीट पर बैठे थे वही दम्पति एक सीट पर बैठकर झूला का लुफ्त उठा रहे थे। अचानक हादसे का शिकार हो गए। पुरुष को सिर में गंभीर चोंटे आई है वही उनकी पत्नी का कान के चोंटे आई है। पीड़ित दम्पति नया रायपुर का रहने वाला है। जो अपने परिवार के साथ मेला देखने आया था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दम्पति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल पुरुष का गिरधारी गंगेले और उनकी पत्नी का नाम इंदु गंगेले बताय जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते भी भाजपा नेता विकास साहू अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना की केंद्र सरकार के अधिकारियों ने की तारीफ

- भाजपा नेताओं को दिखाया आईना
- रमन सरकार में हजारों सरकारी स्कूल हुई थी बंद, शिक्षा का हुआ था बाजारीकरण

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पर सवाल उठा रहे भाजपा नेताओं को केंद्रीय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के अधिकारियों ने आईना दिखाया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने गरीब बच्चों को निशुल्क अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा देने के लिए गरीब बच्चों के माता-पिताओं के सपनों को साकार करने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की शुरुआत की। राज्य में 173 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का संचालन हो रहा है जहाँ गरीब बच्चो को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जा रहा है। स्कूल में स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी और लैब की व्यवस्था की गई है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की तरह ही अब राज्य में स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल भी बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार कि राज्य के बच्चों को निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने प्रतिबद्ध है जिसकी तारीफ केंद्र सरकार के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के अधिकारियों ने की है। प्रदेश प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व के रमन सरकार के दौरान राज्य में हजारों की संख्या में सरकारी स्कूलों को बंद किया गया था। शिक्षा का बाजारीकरण किया गया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने रमन सरकार के दौरान बंद हुए सरकारी स्कूलों को पुनः शुरू किया साथ ही अंग्रेजी माध्यम के स्कूल की भी शुरुआत की है।

धरमलाल कौशिक छत्तीसगढ़ के जनता के नेताप्रतिपक्ष हैं कि राजस्थान के : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के द्वारा राजस्थान सरकार की कोल ब्लॉक के सिफ ारिश पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री यदि कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिख रहे है तो यह उनका अपने राज्य की जनता के प्रति जवाबदेही है। छत्तीसगढ़ सरकार राजस्थान के कोल ब्लॉको की स्वीकृति में जांच पड़ताल कर रही है तो यह छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की अपने राज्य के हितों के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन है। राजस्थान सरकार को आवंटित कोल ब्लॉक से हसदेव अरण्य के निवासियों के हित प्रभावित हो सकता है, राज्य सरकार अपने नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेगी। कौशिक इस मामले में बयान देकर क्या साबित करना चाहते है? वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष है या राजस्थान के, यदि कौशिक को राजस्थान की इतनी ही चिंता है तो मोदी से कहकर राजस्थान के लिये दूसरी जगह कोल ब्लाक आवंटित करवा दे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राजस्थान को आवंटित छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक में राज्य की भूपेश बघेल सरकार द्वारा कोई अड़ंगा लगाने का सवाल ही नहीं उठता। यहां हर काम विधिसम्मत तरीके से होता है क्योंकि यहां हम दो हमारे दो की सरकार नहीं है। लूटमार, घपलेबाज, कमीशनबाज सरकार नहीं है। भाजपा की लूट और कमीशन संस्कृति को जनता ने जड़ से उखाड़ कर फेंक दिया है इसलिए कोयले की दलाली में हाथ पैर मुंह काले करने के आदी भाजपा नेताओं के दिल में दर्द हो रहा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष कौशिक तब क्यों मौन धारण कर लेते हैं जब केंद्र की मोदी भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों को धान का 2500 रुपये दाम देने में अड़ंगा लगाती है। छत्तीसगढ़ में बारदाना संकट पैदा करती है। उसना चावल लेने से इंकार करती है। खाद का कोटा कम करती है। मनरेगा रोजगार में कटौती करती है। गरीबों के आवास का कोटा निरस्त करती है। राज्य का जीएसटी का हिस्सा रोक कर छत्तीसगढ़ के साथ घोर पक्षपात करती है। कौशिक सहित भाजपा के सभी नेता छत्तीसगढ़ की जनता से लिये जा रहे राजनीतिक बदले का विरोध करने की बजाय केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे भेदभाव को जायज ठहराने को ही अपना राजनीतिक धर्म मानते हैं।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि झूठ फरेब की राजनीति करना और भ्रम फैलाना भाजपा का चरित्र है। छत्तीसगढ़ की जनता इनके चाल चरित्र और चेहरे से अच्छी तरह परिचित हैं। जिन जोगी का हवाला नेता प्रतिपक्ष कौशिक दे रहे हैं उनकी पार्टी छत्तीसगढ़ में भाजपा की बी टीम के तौर पर जानी जाती है। कांग्रेस केवल जनहित की राजनीति करती है। भाजपा तथ्यों को तोड़ मरोड़कर पेश करने वाली ऐसी पार्टी है जो पंद्रह साल तक सत्ता सुख भोगने के बाद भी छत्तीसगढ़ की आम जनता से दुश्मनी निकाल रही है।

एमआईसी सदस्य ने तुंहर पार्षद तुंहर दुवारी शिविर लगाकर जनसमस्याएं सुनीं

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अध्यक्ष सुन्दर लाल जोगी ने नगर निगम रायपुर के दानवीर भामाशाह वार्ड नम्बर 26 के साहुपारा के पास तुंहर पार्षद तुंहर दुवारी शिविर लगाकर सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, परिवार सहायता से सम्बंधित जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं सम्बंधित निगम अधिकारियों को वार्डवासियों की समस्याओं का शीघ्र नियमानुकूल निदान जनहित में प्राथमिकता से करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य जोगी ने वार्ड के निवासियों को नए राशन कार्ड वितरित किये, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, काटने की कार्यवाही हेतु आवेदन जमा करवाये, निराश्रित पेंशन एवं परिवार सहायता योजना से सम्बंधित आवेदन जमा करवाये. पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जोगी ने शिविर में लोगों से जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं उनका यथासंभव निदान करवाने के प्रति वार्डवासियों को आश्वास्त किया।

मास्क नहीं पहनने वाले 308 लोगों से 19150 रुपए जुर्माना वसूला गया

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर सौरभ कुमार, नगर निगम रायपुर के आयुक्त प्रभात मलिक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न जोनों में शहर के प्रमुख चौक - चैराहों में महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की सहायता से कोविड 19 प्रोटोकॉल नियमों का जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु परिपालन जनजागरण एवं समझाईश से करवाने मास्क नहीं पहनने वालों पर जुर्माना की कार्यवाही उन्हें समझाईश देने सहित निरन्तरता से जारी है।

नगर निगम की सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने बताया कि आज रायपुर जिला कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोनों के स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से जोन कमिश्नरों के नेतृत्व एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में कोविड 19 प्रोटोकॉल नियमों के रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से स्वास्थ्य जागरूकता के लिए पूर्ण व्यवहारिक पालन करवाने मास्क नहीं पहनने वालों को समझाईश देने सहित उन पर जुर्माना भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए किया जा रहा है। आज विभिन्न जोनों में 308 लोगों पर मास्क नहीं पहनने पर समझाईश देते हुए 19150 रू. का जुर्माना नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की जोन टीमों ने जोन कमिश्नरों के नेतृत्व में महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की सहायता से किया है।

निगम की सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नगर निगम जोन क्रमांक 1 की टीम ने विभिन्न चड़ैक - चैराहों में मास्क नहीं पहनकर बाहर निकले 55 लोगों पर 3850 रू. जुर्माना किया। जोन 2 की टीम ने रेल्वे स्टेशन चैक सहित विभिन्न मुख्य चौक - चैराहों में मास्क नहीं पहनकर बाहर निकले 39 लोगों पर 2850 रू. जुर्माना किया। जोन 3 ने शंकरनगर चैक सहित मुख्य मार्ग शंकर नगर एवं अन्य मुख्य मार्गो में मास्क नहीं पहनने पर 37 लोगों पर 2000 रू. जुर्माना किया।

रायपुर क्षेत्र की एकतरफा 10 विकेट से जीत

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय में जारी अन्तर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट के चैथे दिन अब तक कुल 16 मैंच संपन्न हो चुके हैं, जिसमें प्रदेशभर से 10 क्षेत्रीय टीमों ने अपने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया है। चार दिवस तक संपन्न हुये मैंच में रायपुर रीजन की टीम अपने सभी मैच में विजयी रही है। उक्त जानकारी क्रिकेट आयोजन प्रभारी मनोज वर्मा एवं क्षेत्रीय क्रीड़ा परिषद के सचिव श्री आर.के. बंछोर ने दी।

उन्होंनें बताया कि रायपुर रीजन एवं रायपुर सेन्ट्रल के मध्य मैच संपन्न हुआ जिसमें रायपुर रीजन ने रायपुर सेन्ट्रल को 10 विकेट से शिकस्त देते हुये महाजीत हासिल की। रायपुर क्षेत्र के कप्तान महेश ठाकुर के कुशल नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा अपनी जीत की श्रृंखला को लगातार जारी रखते हुए अपने पूल-ए में सेमीफाईनल में जगह सुनिश्चित की गई। इसी तरह पूल-बी में कोरबा पूर्व एवं कोरबा पश्चिम के मध्य मैंच संपन्न हुआ जिसमें कोरबा पूर्व ने 05 विकेट से जीत हासिल की। कोरबा पूर्व द्वारा अब तक कुल तीन मैंच खेले गए हैं जिसमें उनकी टीम द्वारा सभी मैंच जीते गये। इस तरह कोरबा पूर्व एवं कोरबा पश्चिम की टीम भी सेमी फाईनल में पहुंच चुकी है।

महापौर एवं आयुक्त ने एनयूएलएम के तहत कैंटिन लोकार्पित किया

- शहरी महिला स्वसहायता समूह संचालित रहेगी, नाम दिया गया जोरन

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर एवं आयुक्त प्रभात मलिक ने आनंद नगर केनाल लिंकिंग रोड में एनयूएलएम के तहत कैंटिन का लोकार्पण गरीबी उपषमन एवं समाज कल्याण विभाग अध्यक्ष सहदेव व्यवहार, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के पार्षद कामरान अंसारी, अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, सिटी मिषन प्रबंधन मैनेजर श्रीमती सरिता सिन्हा, सुसीमा चतुर्वेदानी, शहरी महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष सुविनिता पाठक सहित समूह की महिलाओं की उपस्थिति में किया । कैंटिन को जोरन नाम दिया गया । शहरी महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा इसका संचालन एनयूएलएम के तहत किया जायेगा एवं लोगो को वहां प्रतिदिन नियमित रूप से सस्ती एवं न्यूनतम दर पर गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्रियां सहजता से उपलब्ध रहेंगी।

महापौर एजाज ढेबर एवं आयुक्त प्रभात मलिक ने शहरी महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं को जोरन कैंटिन का संचालन अच्छी तरह करने कहा एवं गुणवत्ता का लगातार विषेष ध्यान रखने हिदायत दी । महापौर एवं आयुक्त ने नागरिको से महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने हेतु जोरन कैंटिन में आकर सस्ती एवं न्यूनतम दर पर गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री का क्रय करने एवं महिला सषक्तिकरण में सहभागिता दर्ज करवाने का अनुरोध नगर निगम रायपुर की ओर से किया।

डी. पुरंदेश्वरी ने भाजपा नेताओं को सरकारी खरीदी केंद्रों में धान बेचने से मना किया था जो नाम सार्वजनिक होने से तिलमिला रहे हैं

- राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ लेकर भाजपा नेता झूठ की राजनीति करते हैं

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने धान बेचने वाले किसानों के नाम सार्वजनिक होने पर टीका टिप्पणी करने वाले भाजपा नेताओं पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि धान पैदा करना, धान बेचना और किसानों का धान खरीदना गर्व करने की बात है। आखिर भाजपा के नेता धान बेचने की जानकारी किस से छिपाना चाहते हैं? क्या रमन सिंह नही चाहते कि उनके द्वारा बेची गई धान की जानकारी जनता को पता चले या उनके केंद्रीय नेताओ को मामलू पड़े? क्या भाजपा नेताओं को प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी ने राज्य सरकार को धान बेचने से मना किया था?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की किसान हितैषी राजीव गांधी किसान न्याय योजना बिना भेदभाव के सभी किसानों को लाभान्वित कर रही है। लाभार्थीयो की सूची में भाजपा के बड़े नेता भी शामिल है। चालू खरीफ वर्ष में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह उनके पुत्र अभिषेक सिंह राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, गुहाराम अजगले, विजय बघेल, संतोष पांडेय, लता उसेंडी सहित 200 से अधिक भाजपा नेताओं ने धान बेचकर अच्छी खासी लाभ अर्जित की है। यह सब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के द्वारा राज्य के किसानों के हित में चलाए जा रहे हैं जनकल्याणकारी योजनाओं का चलते ही संभव हुआ है।

कॅरियर आईएचएम देगा 100% प्लेसमेंट

इंस्टीट्यूट आफहोटल मैनेजमेंट : प्रवेश प्रक्रिया शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्थापित इंस्टीट्यूट आफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एंड एप्लाइड न्यूट्रीशन, रायपुर (आईएचएम रायपुर) में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू, छत्तीसगढ़ शासन के सचिव पी. अन्बलगन और संस्था की प्राचार्य रेखा शुक्ला इस संस्थान के मुख्य प्राधिकारी हैं।

संस्थान में (Institute of Hotel Management) तीन वर्षीय कोर्स बी.एससी. इन हास्पिटेलिटी होटल एडमिनिस्ट्रेशन, 18 माह के कोर्स डिप्लोमा इन फुड प्रोडक्शन, 18 माह के कोर्स डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विसेज तथा 18 माह के कोर्स डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

इन पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम अर्हता 10+2 प्रणाली में सीनियर सेकेंडरी या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना है जिसमें एक विषय अंग्रेजी का होना अनिवार्य है। आयु सीमा के लिए अर्हता अधिकतम 25 वर्ष की है, किंतु अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियो के लिए अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट की पात्रता होगी।

प्रथम मेरिट सूची का प्रकाशन 18 जुलाई को होगा

आइएचएम रायपुर में प्रवेश हेतु आवेदन 12 फरवरी 2022 से शुरू है, आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 मई 2022 है। प्रथम मेरिट सूची का प्रकाशन 18 जुलाई 2022 को होगा। पहले दौर की रिपोर्टिंग 19 से 25 जुलाई 2022 तक होगी तथा कक्षाएं 1 अगस्त 2022 से शुरू होंगी। इच्छुक अभ्यर्थी https:@@nchmjee-nta-nic-in पर क्लिक करके अपना आनलाइन पंजीयन कर सकते हैं और आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

शत प्रतिशत प्लेसमेंट देने वाली संस्था है IHM : गौरतलब है कि आइएचएम रायपुर के द्वारा शत-प्रतिशत प्लेसमेंट और प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। आइएचएम रायपुर द्वारा छात्रों को देश के बड़े होटलों में प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जाती है। यहां पर कम्पूयटर लैब, क्लास रूम, फ्रंट आफिस लैब, मॉक रूम, लाउण्ड्री लैब, हाउस कीपिंग लैब, मार्डर्न लाइब्रेरी की विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध है तथा सभी छात्रों के लिए शत-प्रतिशत छात्रावास की भी सुविधा उपलब्ध है।

संपादकीय

पंजाब के सीएम का विवादास्पद बयान

चुनाव के दौरान बयानवीर नेता जोश में अकसर होश खो देते है और जो मुंह में आए बोल देते है। उनके ऐसे विवादास्पद बयानों पर उनके समर्थक ताली बजा देते है जिससे वे फूलकर कुप्पा हो जाते है। बाद में जब उनके बयान को लेकर विवादा खड़ा होता है तो वे अपने बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया बताते है और फिर सफाई देने लगते है लेकिन तब तक तीर कमान से निकल चुका होता है और उनके विवादास्पद बयान का पार्टी को खामियाजा भुगतने की नौबत आ जाती है। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भी उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के बारे में बचकाना बयान देकर नया विवाद खड़ा कर दिया है। अब जबकि उनके बयान की भाजपा और आम आदमी पार्टी कड़ी निंदा कर रही है और इसे उत्तर प्रदेश के चुनाव में मुद्दा बना रही है तो खुद को चौतरफा घिरा पाकर चन्नी यह सफाई दे रहे है कि उनके कहने का मतलब कुछ और था और उनके बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है। जबकि चुनावी सभा में उन्होने उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को लेकर जो कुछ कहा है उसे खबरिया चैनलों के माध्यम से सारे देश ने देखा है। उनके इस बयान को लेकर जहा नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसपर तीखी प्रतिक्रिया दी है वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बयान को मुद्दा बनाकर उत्तर प्रदेश की एक जनसभा में पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पर जमकर हमला बोला है और कांग्रेस पर आरोप जड़ दिया है कि वह क्षेत्रवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टी है। जाहिर है चन्नी का यह बयान कांग्रेस के लिए भारी पड़ सकता है जिसकी पंजाब में पहले ही आंतरिक कलह के कारण हालत पतली है। इसलिए कहा गया है कि वाणी पर संयम रखना चाहिए। विवादास्पद बयानबाजी से अपने समर्थकों की तालियां मिल सकती है और मीडिया में भी ऐसे बयान सुर्खीयां बन सकते है लेकिन ऐसे बयानों का पार्टी को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। यह बात कांग्रेस से ज्यादा बेहतर और कोई पार्टी नहीं जानती क्योकि आज कांग्रेस जिस स्थिति में पहुंची है उसके लिए काफी हद तक उसके बयानवीर नेता ही जिम्मेदार रहे है। इतना नुकसान उठाने के बाद भी कांग्रेस के जिम्मेदार नेता इस तरह की आपत्तिजनक बयानबाजी से बाज नहीं आ रहे है। उन्हे चाहिए कि वक्त की नजाकत को देखते हुए अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें अन्यथा इसका दुष्परिणाम झेलने के लिए तैयार रहे।

विचार

'याद आ रहा है तेरा प्यार...'

भारतीय सिनेमा-संगीत जगत में क्या शोक काल चल रहा है? युवा हृदय को छूने वाले एक और गायक, संगीतकार बप्पी लाहिड़ी चले गए। हिंदी फिल्म उद्योग में एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली कलाकार हुए हैं। उन्होंने इतना हिल-मिलकर काम किया है कि उनमें से कोई एक चला जाए, तो लगता है, कड़ी टूट गई। पिछले दिनों लता मंगेशकर गई और अब बप्पी लाहिड़ी। आज दुख इसलिए भी गाढ़ा है, क्योंकि ऐसे दिग्गज कलाकारों के बनाए ताने-बाने के हम मुरीद रहे हैं। इन सबने हमारे लिए, हमारे समाज के लिए मिलकर जो रचा है, वही तो फिल्म उद्योग को वह मुकाम देता है, जहां से समाज अच्छे मनोरंजन की उम्मीद लगा सकता है।

अनेक शानदार गीतों में अपना स्वर और संगीत संजो गए बप्पी दा ऐसी जिंदादिल शख्सियत थे, जिनको देखकर हर किसी को यही लगता कि काश, एक बार उनसे मुलाकात हो जाए! उनकी सरलता और सादगी दूर से ही आकर्षित करती थीं। वह जो बोल रहे होते, लगता था कि मन से कह रहे हैं। बंगाल और भारत के एक रत्न बप्पी दा के बोलने, गाने का अंदाज अपनी माटी से जुड़ा था, जैसे याद आ रहा है तेरा प्यार । उनके अंदाज ने अनेक संगीतकारों को प्रभावित किया। खनक के साथ खुलकर गाना और थिरकने वाला संगीत हम कैसे भूल सकते हैं? कई कार्यक्रमों और संगीत की दुनिया में हमने उन्हें लगातार सक्रिय देखा है और उनके बारे में तमाम संचार माध्यमों द्वारा पढ़ते-सुनते रहे हैं। इस लिहाज से फिल्म उद्योग को दूसरे कला माध्यमों से बेहतर सुविधा हासिल है, क्योंकि इसकी खबरें लगातार हमारी नजरों से गुजरती रहती हैं। इसके कामकाज सीधे जनता से जुड़े होते हैं। यही वजह है कि अभिनेता और अभिनेत्रियों को दर्शक जितना पसंद करते हैं, परदे के पीछे काम करने वाले निर्देशक, संगीतकार, गीतकार आदि को भी उतना ही प्यार देते हैं। यह उद्योग ऐसी कड़ियों से बना है, जो बिल्कुल बुना हुआ लगता है।

बप्पी दा की जो छवि दिलो-दिमाग में बसी रहेगी, वह आम संगीतकारों से बिल्कुल अलग है। वह रंग-बिरंगे कपड़े पहनते थे। उनके गले में सोने के हार होते। देखा जाए, तो पुरुषों के गले में आभूषण इतने अच्छे नहीं लगते, लेकिन बप्पी दा पर हार खलते नहीं थे। उनकी प्रस्तुति मनमोहक होती। न सिर्फ अपने डील-डौल के कारण, बल्कि कामकाज के कारण भी, वह हर मंच पर भीड़ से अलग प्यारे दिखते थे। जल्दबाजी में भी वह कुछ न कुछ सुनने लायक रचते रहते थे और सुनाते भी रहते थे।

कह सकते हैं कि पीढ़ियों में जब परिवर्तन आता है, तो उसे दूसरी तरह का संगीत चाहिए। इसके कई कारण हो सकते हैं। पश्चिम से यदि कुछ चीजें हमारे यहां आती हैं, तो उनमें बुराई नहीं है। हम सब बेशक देश के हैं, लेकिन हम पृथ्वी पुत्र भी हैं। बप्पी दा ने अपने संगीत से इस पंक्ति को चरितार्थ किया। वह चंद ऐसे संगीतकारों में शामिल रहे हैं, जिन्होंने जैज, पॉप आदि सभी शैली के संगीत को भावपूर्ण बनाकर अपने खास भारतीय ढंग से पेश किया।

परिवारवाद! लोकतंत्र को खतरा कैसे! कितना!

राजीव खण्डेलवाल

एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों का मुख्यमंत्री बनने का एकमात्र रिकार्ड शेख अब्दुल्ला उनके पुत्र फारूख अब्दुल्ला व उनके पुत्र उमर अब्दुल्ला का है। ऐसे अन्य कई और भी उदाहरण हैं, जहां पिता-पुत्र, पुत्री या पत्नी मुख्यमंत्री रहे हैं जैसेः- मुफ्ती मोहम्मद सईद व उनकी पुत्री मेहबूबा मुफ्ती सईद, लालू प्रसाद यादव व उनकी पत्नी गृहणी राबड़ी देवी, मुलायम सिंह यादव-अखिलेश यादव, चैधरी देवीलाल-ओमप्रकाश चैटाला, शिबू सोरेन-हेमंत सोरेन, एचडी देवेगोडा-एचडी कुमार स्वामी, करुणानिधि-स्टालिन, बीजू पटनायक-नवीन पटनायक, शंकर राव चव्हाण- अशोक चव्हाण, पंडित रविशंकर शुक्ला-श्यामा चरण शुक्ला, वाईएस राजशेखर रेड्डी-वाईएस जगन मोहन रेड्डी, पी ए संगमा-कोनराड संगमा, दोरजी खाडू-पेका खाडू, एनटी रामा राव व उनके दामाद चंद्रबाबू नायडू । क्या ये सब परिवारवाद का प्रतीक हैं या लोकतंत्र की अपरिवारवाद व असफलता? अथवा जनता की अविवेकशीलता? लोकतंत्र की यही खूबी है, बहुमत की इच्छाओं का आदर करते हुये उसका परिपालन किया जावें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते होते हुए कई मुद्दों के साथ-साथ कांग्रेस पर परिवारवाद का गंभीर आरोप भी लगाया। यद्यपि कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप कोई नया नहीं हैं। वर्षो से यह आरोप लगाया जाता रहा है। लेकिन अब नई पोशाक में पहनाकर नये तरीके से यह आरोप लगाया जा रहा है। पांच राज्यों में हो रहे चुनावों कें मद्देनजर प्रधानमंत्री ने परिवारवाद को लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा बता दिया है। प्रश्न सबसे बड़ा यह है कि वास्तव में परिवारवाद है क्या? इसके लिए मूलतः जिम्मेदार कौन हैं? लोकतंत्र के लिए यह खतरा कैसे है? इन प्रश्नों के उत्तर को सही रूप में जानना व समझना आवश्यक होगा।

भाजपा के कांग्रेस के परिवारवाद के आरोप को समयचक्र अनुसार दो भागों में बांटा जा सकता है। प्रथम जनसंघ से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी के समय तक भाजपा बिना किसी हिचक के परिवारवाद की परिभाषा को सीमित किये बिना कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप खुलकर बेहिचक लगाती रही है। तत्पश्चात कांग्रेस के परिवारवाद के घोतक, सूचक और पहचान लिये हुये कई नेता भाजपा में शामिल हुये और होने लगे, तब भाजपा की परिवारवाद के मुद्दे पर नरेंद्र मोदी के जमाने में परिभाषा, दृष्टि व शैली ही बदल गई। अतः परिवारवाद को समझने के पूर्व पहले परिवार को समझना आवश्यक है।

सामान्यतः एक परिवार में माता-पिता, पुत्र-पुत्रि, भाई-बहन (यदि वे साथ रहते हैं) परिवार के सदस्य होते हैं। वैसे संयुक्त हिन्दु परिवार और परिवार को वृहत रूप से देखने की दृष्टि से परिवार में समस्त बच्चों के परिवार को मिलाकर भी एक परिवार कहा जा सकता हैं। प्रश्न यह है कि परिवार की किस श्रेणी व आकार को राजनैतिक पार्टियां परिवारवाद के घेरे में लाना चाहती हैं। यह स्पष्ट नहीं हैं। नरेन्द्र मोदी के पूर्व तक भाजपा सहित विपक्ष, कांग्रेस पर वृहत परिवार के लड़कें, लड़की, भाई-भतीजे परिवार के मुखिया की पत्नी, माँ इत्यादि को राजनीति में उन्हे लोकतांत्रिक अलोकतान्त्रिक रूप से स्थापित कर मंत्री, सांसद व विधायक बनाने पर परिवारवाद का आरोप लगाया जाता रहा हैं। लेकिन यह भी समझना होगा कि ''सब

धान बाइस पसेरी नहीं होता'' और ''न एक डंडे से ही सबको हांका जा सकता हैं''।

अब राजनीतिक सुविधा की दृष्टि से परिवारवाद को दो नयें तरह से परिभाषित किया जाकर समझाने का प्रयास किया जा रहा है। अब प्रधानमंत्री ने राजनैतिक दलों में राजनैतिक विरासत (डायनेस्टिक पालिटिक्स) को लेकर परिवारवाद को मात्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद तक सीमित कर दिया है। भाजपा अब दम ठोककर यह दावा करने लगी है कि उसका कोई भी राष्ट्रीय अध्यक्ष दोबारा अध्यक्ष पिछले कई वर्षो के इतिहास में नही बना है जो सत्य भी है। मात्र एक अपवाद लालकृष्ण आडवाणी को छोड़कर जो तीन बार अलग-अलग समय में अध्यक्ष बनें। यद्यपि नितीन गडकरी को दोबारा लगातार अध्यक्ष बनाने के लिये पार्टी संविधान में संशोधन किया गया था। स्वतंत्र भारत में कांग्रेस के कुल 19 अध्यक्ष बने जिनमें मात्र पांच व्यक्ति नेहरू-गांधी खानदान के रहें। जिसमें भी सोनिया गांधी लगभग 20 वर्ष तक अध्यक्ष रही। अतः लम्बे समय तक कांग्रेस के यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर 'गांधी' ही काबिज व आरूढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री के शब्दों में यही वास्तविक परिवारवाद है, जो लोकतंत्र के लिये गंभीर खतरा है। दूसरे शब्दो में ''अंधा बाटे रेवड़ी फिर अपनो को देय'' उक्ति को उन्होनें सीमित अर्थो में स्वीकार्यता प्रदान कर दी हैं। इस प्रकार प्रधानमंत्री ने अब परिवारवाद को परिवारवादी (पारिवारिक) पार्टी की ओर मोड़ दिया हैं।

मोदीजी के कथनानुसार परिवार के अन्य पारिवारिक सदस्य योग्यता के आधार पर जनता के आशीर्वाद से राजनीति में आये, यह परिवारवाद नहीं है और न हीं इससे पार्टी परिवारवादी बन जाती है। परन्तु पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर सिर्फ परिवार के लोग ही अर्थात पार्टी फार द फैमली, बाय द फैमली तथा ऑफ द फैमिली हो जाए, तब वह पार्टी परिवारवादी पार्टी बन जाती है, जो कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, बीजू जनता दल, शिवसेना, राकंपा, पीडीपी, तेलंगाना राष्ट्र समिति, तेलगु देशम (टीडीपी), अकाली दल, आईएनएलडी, नेशनल कांफेंस, डीएमके, लोजपा आदि पार्टी का इतिहास व वर्तमान है। वैसे जब लो लोजपा पीडीपी तेलुगू देशम का भाजपा के साथ गठबंधन होता है तब शायद वे पारिवारिक पार्टी नहीं रह जाती है? चुकि भाजपा में अनेक ऐसे उदाहरण है, जहां परिवार के कारण साहबजादों भाई-भतीजें को मन्त्री-विधायक, सांसद पद पर सुशोभित किया गया हैं, तब भाजपा परिवारवाद को मंत्री, सांसद, विधायक पद से मुक्त कर देता हैं। यानी ''शोरबा चलेगा बोटी नहीं''। भाजपा की सुविधा की राजनीति ने परिवारवाद की परिभाषा को यहीं तक सीमित कर दिया है।

जब भाजपा प्रवक्ताओं से यह पूछा जाता है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया (सिंधिया परिवार), आरपीएन सिंह (सुपुत्र सीपीएन सिंह पूर्व केन्द्रीय मंत्री), जतिन प्रसाद (पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र प्रसाद सिंह के पुत्र), पंकज सिंह (रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र), कर्नाटक के बसवराज बोमई मुख्यमंत्री (एस.आर.बोमई पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र) अर्पणा यादव आदि लोग क्या परिवारवाद के द्योतक नहीं है? तब जवाब में परिवारवाद की उक्त परिवर्तित सीमित परिभाषा आ जाती है।

वस्तुतः कांग्रेस परिवारवाद के आरोपों का तथ्यों से सही जवाब देने में भी असफल रही है। राहुल गांधी ने जब कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था, तब यही कहा था कोई गैर-गांधी को ही अध्यक्ष चुना जाये। इतना ही नहीं; नये अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया से राहुल-प्रियंका सहित सोनिया गांधी ने अपने को सी.डब्लू.सी मीटींग से दूर रहने का फैसला लिया। बावजूद इसके कांग्रेसीयों का बहुमत गैर-गांधी को चुनने को तैयार नहीं हुआ और राहुल गांधी को ही मनाने का लगातार प्रयास करते रहे। तब फिर कांग्रेस पर परिवारवादी पार्टी का आरोप कैसे लगाया जा सकता है? और यदि यह आरोप सही है तो, क्या इसके लिए इसके लिए सिर्फ ''गांधी'' ही जिम्मेदार है? हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं, सैकड़ों नेताओं की मानसिकता व क्रियाशीलता जिम्मेदार नहीं है?

डिस्को से लेकर ऊह ला ला तक सोना बिखेर गए बप्पी दा

नरविजय यादव

एयर इंडिया ने भी अपनी उड़ानें यह कह कर स्थगित कर दी थीं कि 5जी तकनीक से विमानों के आवागमन में गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। तभी यह शंका होने लगी थी कि भारत में 5जी लाने की तैयारियां चल रही हैं और सबको तेज रफ्तार इंटरनेट का 5जी टैक्नोलॉजी का बेसब्री से इंतजार भी है। ऐसे में क्या भारत में भी इस तकनीक से विमानन में समस्या आएगी। इस बारे में दूरसंचार नियामक ट्राई ने यह कहकर आशंका को विराम लगा दिया कि 5जी मोबाइल सेवाओं के कारण भारत के ऊपर से उड़ान भरने वाले विमानों को किसी भी सुरक्षा समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

बप्पी लहरी भी चले गए। अस्सी और नब्बे के दशक में डिस्को म्यूजिक को दिलों में उतारने वाले बप्पी दा सोने की चेन और लॉकेट से लदे रहते थे। उनका संगीत भी सोने सा खरा था। इस महीने लता दी के बाद बप्पी दा का भी चले जाना बहुत खलेगा संगीत प्रेमियों को। बप्पी दा को हमारी विनम्र श्रृद्धांजलि। वीरवार को दादा का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो जाएगा। पंचतत्व का हमारे जीवन में जितना महत्व है, टेलीकॉम सेक्टर वैसा ही महत्व 5जी टैक्नोलॉजी का है। पिछले दिनों अमेरिका में 5जी चालू होने से पहले ही हंगामा खड़ा हो गया था, जब वहां के कई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्?डों पर विदेशी विमानों की आवाजाही थम गई। एयर इंडिया ने भी अपनी उड़ानें यह कह कर स्थगित कर दी थीं कि 5जी तकनीक से विमानों के आवागमन में गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। तभी यह शंका होने लगी थी कि भारत में 5जी लाने की तैयारियां चल रही हैं और सबको तेज रफ्तार इंटरनेट का 5जी टैक्नोलॉजी का बेसब्री से इंतजार भी है। ऐसे में क्या भारत में भी इस तकनीक से विमानन में समस्या आएगी।

इस बारे में दूरसंचार नियामक ट्राई ने यह कहकर आशंका को विराम लगा दिया कि 5जी मोबाइल सेवाओं के कारण भारत के ऊपर से उड़ान भरने वाले विमानों को किसी भी सुरक्षा समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। ट्राई ने कहा कि अमेरिका में 5जी के लिए निर्धारित स्पेक्ट्रम और विमान के बीच दूरी कम है, जबकि भारत में यह दूरी बहुत अधिक है। हालांकि, इस आशंका को पूरी तरह से दूर करने के लिए ट्राई अपने स्तर पर गहन जांच करेगा। कोचर ने कहा कि भारत के 5जी बैंड यूरोप, दक्षिण कोरिया और जापान के बाजारों में आवंटित स्पेक्ट्रम जैसे हैं। इन बाजारों में 5जी से कोई समस्या नहीं हुई है और विमानों से जुड़ी एक भी समस्या सामने नहीं आई है। भारत में 5जी आने में अभी कुछ समय लगेगा। विमानों की परेशानी को देखते हुए अमेरिका को अपना 5जी नेटवर्क चालू करने का प्लान रोकना पड़ गया। अमेरिका में 5जी नेटवर्क और कुछ बड़े विमानों के उतरने में सहायक उपकरणों की तरंगें लगभग एक ही लेवल की होने से विमान की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया था।

अमेरिकी दूरसंचार कंपनियों ने 81 अरब डॉलर का भुगतान करके सी-बैंड हासिल किया था, जो अब खटाई में पड़ गया है। सी-बैंड सेवा तेज गति और व्यापक कवरेज प्रदान करती है और वहां यह मध्य जनवरी में चालू होने वाली थी। इसके कारण सबसे अधिक समस्या बोइंग 777 श्रेणी के लंबी दूरी और चौड़ी बॉडी वाले विमानों को होती। बोइंग ने इस संबंध में एक एडवाइजरी जारी करके खतरे की चेतावनी दे दी थी। पांच के अंक से जुड़ी एक और खबर सामने आई है। भारत में साड़ियों से ज्यादा मांग सलवार सूट और कुर्ती की है। इसी तरह महिलाओं में वेस्टर्न वियर की मांग अधिक रहती है। वर्ष 2015 से 2020 के बीच रेडिमेड कपड़ों का बाजार 63 प्रतिशत बढ़कर लगभग 5 लाख करोड़ रुपए का हो गया।

अमेरिकी दूरसंचार कंपनियों ने 81 अरब डॉलर का भुगतान करके सी-बैंड हासिल किया था, जो अब खटाई में पड़ गया है। सी-बैंड सेवा तेज गति और व्यापक कवरेज प्रदान करती है और वहां यह मध्य जनवरी में चालू होने वाली थी। इसके कारण सबसे अधिक समस्या बोइंग 777 श्रेणी के लंबी दूरी और चौड़ी बॉडी वाले विमानों को होती। बोइंग ने इस संबंध में एक एडवाइजरी जारी करके खतरे की चेतावनी दे दी थी। पांच के अंक से जुड़ी एक और खबर सामने आई है। भारत में साड़ियों से ज्यादा मांग सलवार सूट और कुर्ती की है। इसी तरह महिलाओं में वेस्टर्न वियर की मांग अधिक रहती है। वर्ष 2015 से 2020 के बीच रेडिमेड कपड़ों का बाजार 63 प्रतिशत बढ़कर लगभग 5 लाख करोड़ रुपए का हो गया। अगले चार वर्षो के बारे में अनुमान है कि रेडिमेड गारमेंट मार्केट 60 प्रतिशत बढ़ कर लगभग 8 लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

किनारा हूँ मैं दरिया

किनारा हूँ मैं दरिया का तो तुम धारा की कलकल हो जहाँ हमतुम मिलें हमदम वहीं क़िस्सा मुकम्मल हो सजी हो पाँव में पायल लगी हो हाथ में मेंहदी मेरे सर पर तुम्हारी चाहतों का सुर्ख़ आँचल हो सिला है मेरी उल्फ़त का तुम्हारे प्यार का पाना मेरी सब प्रार्थनाओं का दुआओं का तुम्हीं फल हो।

-आरती कुमारी

बुल डोजर सब

बुल डोजर सब देख कर , मचा रहे हैं शोर। मानो जैसे हो रहा, शिव तांडव चहुंओर। शिव तांडव चहुंओर, कर रहे सब है क्रंदन। जाने कारागार ,करे किसका अभिनंदन। आया योगी फेरि , कटेगी जिनगी रोकर। मन में जिनके खोट , सताता है बुलडोजर।

- अजय मिश्रा अभिज्ञ

खास पाती

दिल वालो को दिल की

दिल वालो को दिल की हस्ती ले डूबी, मझधारो ने छोड़ा , कश्ती ले डूबी, गुमसुम-गुमसुम महफ़िल में जब देखा तो, सबने बोला मुझको लड़की ले डूबी, पहरो जाने कितनी बातें करते थे, प्यार को आख़िर फोन की घन्टी ले डूबी, उसकी मम्मी हाँ कहने को राजी थी, रिश्ता , आकर बीच में आँटी ले डूबी, जन्नत से आता है जोड़ा कहते हैं, यहां रिवाज़ो की मनमानी ले डूबी, नमक बराबर गद्दारी - गद्दारी है नेताओ को मीठी बर्फ़ी ले डूबी डरते - डरते प्यार किया जिसने बादल द्य उसको , उसकी ही नादानी ले डूबी। **– विवेक बादल बाज़पुरी**

आन हरो हरि मोरी पीरा आपुन

आन हरो हरि मोरी पीरा आपुन गति भी भइ मीरा जस,मनवा होय अधीरा। इक तारा हिय सिसकै पलपल, कौन बंधावै धीरा। भाई बन्धु पति सखि सहेली, सकल मोह जंजीरा। काय करूँ यहि हाड़ मांस कै, माटी मोल सरीरा। तुम्हरी दीन्ही श्वास अमोलक, निकरै,खावैं कीरा। तोर दरस कै खातिर गिरधर, नैन जमुन कै नीरा। मन मधुबन मा आन बिराजौ, औ दाऊ कै बीरा। द्वार तिहारे ठाढ़ी रजनी,आज पसारे चीरा। **– रजनी रामदेव**

उस रोज पूर्णिमा थी और चाँद के

उस रोज पूर्णिमा थी और चाँद के गाल पर पड़े तमाचों के निशानसाफ़चमक रहे थे अरे! चाँद अब मैं बूढा हो गया हूँ तुम्हें चाहते हुए क्यों मेरी प्रीत में अब भी तमाचे खाते हो तुम चलो आज आना चाँद इश्क की बिबाईयों पर स्नेह का मरहम अपनी कांपती उँगलियों से तुम्हें लगा दूंगा।

– केदार नाथ शब्द मसीहा

बगिया म आगे हे बहार बसंती

बगिया म आगे हे बहार, बसंती रंग झूम-झूम जाथे पुरवइया छेड़ दे हे फाग, मन के मिलौना ल बलाथे मउहा झरत हावय मोती सही ममहई ले होथे एकर अंतस बही फेर तो आनी-बानी राग गुनगुनाथे परसा दहक गे हे नंदिया कछार झुंझकुर ले झांकत हे मुड़ी उघार वो तो लाली-लाली आगी कस जनाथे लाली-पिंवरी होगे हे धरती के गाल राजा बसंत जइसे मल दे हे गुलाल अब तो तरी-ऊपर लाले-लाल जनाथे।

- कवि सुशील भोले

नेता करते हैं यहां बस अपना

नेता करते हैं यहां बस अपना उत्थान जनता को ही देखिए, करने सब बलिदान करने सब बलिदान, गिला मत करना कोई चुप बस रहे जुबान , कसम जो आँखे रोई देकर हमको कोर , चपाती सारी लेता सूखी खाओ तुम , चुपडी खायेंगे नेता।

- शालिनी शर्मा

विचारों को कलम से कागज़ पर

विचारों को कलम से कागज़ पर उतार कर लिख दूँ कि अब सीख लिया है जीने का फ़लसफ़ा ना शिकवा ना शिकायत दर्ज कराई है जीने की कला अब समझ आई है।

- अर्विना गहलोत

बन जाते मेरे स्वयं,वहाँ समूचे काम

बन जाते मेरे स्वयं,वहाँ समूचे काम ! सर्वेश्वर मेरा जहाँ , रहे हमेशा श्याम! हारे का बनते रहे सदा सहारा श्याम! कलियुग मे यदि आपका,लिया ह्रदय से नाम बर्बरीक द्वापर रहा,कलियुग खाटू श्याम! भक्तों के काटे सदा,.हरि ने कष्ट तमाम।

- रमेश शर्मा

QUIZ TIME

1) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'रूद्राक्ष' का 14 जुलाई 2021 को उद्घाटन किया। 'रूद्राक्ष' क्या है?
2) टी-20 क्रिकेट मैचों में 14000 से अधिक रन बनाने वाला विश्व का एकमात्र क्रिकेटर कौन है?
3) किस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एकीकृत बहुउद्देशीय बुनियादी ढाँचा विकास निगम की स्थापना का निर्णय सरकार ने जुलाई 2021 में किया है?
4) कौन-सा विभाग जुलाई 2021 में वित्त मंत्रालय के अधीन लाया गया है?
5) प्रसिद्व उद्यमी जैफबेजोस, जो विश्व के सबसे धनी उद्यमी हैं तथा जिन्होंने अंतरिक्ष की सीमा तक उड़ान जुलाई 2021 में भरी थी, किस कंपनी के संस्थापक हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता एवं कन्वेंशन सेंटर (2) क्रिस गेल (3) लद्दाख (4) सार्वजनिक उद्यम विभाग (5) अमेज़न

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। भारत एवं विश्व इतिहास में 18 फरवरी की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः- 1836- महान संत एवं विचारक रामकृष्ण परमहंस का पश्चिम बंगाल के हुगली में जन्म। 1905- शामजी कृष्णवर्मा ने लंदन में इंडिया होमरूल सोसायटी की स्थापना की। 1911- डाक पहुंचाने के लिए पहली बार विमान का इस्तेमाल किया गया। 1927- प्रसिद्ध संगीतकार ख़य्याम का जन्म। 1930- खगोल वैज्ञानिक क्लाइड टॉमबा ने प्लूटो की खोज की। 1933- हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री निम्मी का जन्म। 1979- सहारा रेगिस्तान में हिमपात हुआ। 1998- सी. सुब्रह्मणयम को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 2007- दिल्ली से लाहौर जा रही समझौता एक्सप्रेस में बम विस्फोट से 68 लोगों की मौत। 2008- पाकिस्तान में बरसों के सैनिक शासन के बाद हुए चुनाव में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की 120 सीट पर जीत। 2014- आंध्र प्रदेश का विभाजन करके तेलंगाना के रूप में देश के 29वें राज्य की स्थापना का प्रस्ताव लोकसभा में पारित हुआ।

शिकायत के बाद भी शिक्षक पर अब तक क्यों नहीं हो सकी जांच!

■ शिक्षक कहीं लेन-देन कर मामले को रफा-दफा करने तो नहीं लगा रहा जोर

छुरिया/नवप्रदेश। एक शासकीय सेवक द्वारा स्टाम्प विक्रय कर शासकीय नियमों की खुली धज्जियां उड़ाने वाले शिक्षक कन्हैया लाल टेमरे पर अब तक किसी प्रकार कि जांच व कार्यवाही न होना मानो शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मामले की गंभीरता पर प्रश्न चिन्ह लगाता हुआ, क्योंकि सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बता दें कि छुरिया विकासखंड अंतर्गत आने वाले शिक्षक जो पूर्व में भी अपनी कार्य शैली को लेकर शिक्षा विभाग के शिक्षक यहां से वहां इस स्कूल से उस स्कूल का सफर तय कर शिक्षा विभाग का मजाक बनाये हुए हैं, यहां तक कि सूत्र ने यह भी बताया कि शिक्षक इतना बुलंद है कि नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में अपने परिवार के किसी सदस्य को पास कर चयन कराने कि नियत से वे उस स्कूल में बकायदा प्रर्यवेक्षक बनकर ड्यूटी किये, जो नियम के विपरित है, जिस पर भी स्थानीय अधिकारी अपनी चुप्पी साधे रहे, जिसके चलते स्थानीय विभाग के अंदर बहसबाजी की बात सामने आई, लेकिन फिर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। किंतु अब भी निष्पक्ष जांच कि जाये तो इस बात का खुलासा होने से नकारा नहीं जा सकता। जिसके चलते इस शिक्षक का हौंसला बुलंद है कि वे कुछ भी कर लें विभाग में बैठे अधिकारी उनका पुरा सहयोग करते नजर आयें हैं। जिसका जीता-जागता उदाहरण है कि शासकीय नियमावली के अनुसार कोई भी शासकीय कर्मचारी अपने सेवाकाल के दौरान किसी भी शासकीय समाग्री व अन्य किसी भी शासकीय कार्य में हस्तक्षेप नहीं कर सकता, न इस प्रकार कोई भी सरकारी संबंधी व्यवसाय नहीं कर सकता है, किन्तु शासकीय नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए उक्त व्याख्याता स्टाम्प विक्रय का कार्य लगातार दो दिन तक करता रहा, जहां शिकायतकर्ता द्वारा पूर्व में अधिकारी को अवगत कराया। वहीं शिकायत पत्र में जांच कर उचित कार्यवाही करने की बात कही गई, लेकिन जब विभाग के स्थानीय अधिकारी का संरक्षण प्राप्त हो तो कैसी जांच और कैसी कार्यवाही जिसके बाद किसी प्रकार कि कार्यवाही न होते देख आखिरकार 10 जनवरी को जिला शिक्षा अधिकारी व जिला कलेक्टर से शिकायत की गई जिसके उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी विभाग से छुरिया विकासखंड अधिकारी के पास जांच करने आदेश दिया गया।

अब तक जांच नहीं क्यों

छुरिया बीईओ ने मिले आदेश पर एक जांच टीम गठित किया है। किंतु कब जांच होगी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। क्योंकि विभाग के स्थानीय अधिकारी ने टीम गठित तो कर दिया। परन्तु जांचकर्ता को किस दिन जांच किया जाना है। यह आदेश पर निर्भर करता है या जांच टीम वही जानतें हैं। क्योंकि दुर्भाग्यवश अब तक ऐसे लापरवाह व्याख्याता पर किसी प्रकार का अब तक जांच न होना इससे साबित होता है। पूर्व में जैसे लापरवाही को छुपा लिया गया, इस बार भी मामले को दबाने समय को टाला जाना उचित नहीं। ऐसे में छुरिया विकासखंड अधिकारी को चाहिए कि जांच टीम को तत्काल जांच का आदेश दें जिससे कोई भी ऐसे लापरवाह शासकीय कर्मचारी फिर कभी नियम कानून को दरकिनार कर नियम विरुद्ध कार्य न कर सके व करने से पहले दस बार सोचें। लेकिन मानों स्थानीय अधिकारी का संरक्षण प्राप्त हो जिसके चलते ही ऐसे शिक्षकों के हौसले बुलंद है जो नियम कानून की धज्जियां उड़ाकर एक व्याख्याता खुलेआम स्टांप पेपर विक्रय करते नजर आए?

शिक्षक बना स्टांप विक्रेता

जबकि स्टाम्प विक्रय का लाइसेंस संबंधित व्यक्ति की पत्नी के नाम पर है। शासकीय नियमावली के अनुसार कोई भी शासकीय कर्मचारी अपने सेवाकाल के दौरान किसी भी शासकीय समाग्री व अन्य किसी भी शासकीय कार्य में हस्तक्षेप नहीं कर सकता, न इस प्रकार कोई भी सरकारी संबंधी व्यवसाय नहीं कर सकता, किन्तु शासकीय नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए उक्त व्याख्याता स्टाम्प विक्रय का कार्य लगातार दो दिन तक करता रहा। साथ ही स्टाम्प क्रय-विक्रय रजिस्टर में फर्जी हस्ताक्षर का कार्य किया गया है जो कि एक आपराधिक कार्य का श्रेणी में आता है। लेकिन वही स्थानीय शिक्षा विभाग मामले की गंभीरता में मौन साधे हुए जिससे साफ इंकार नहीं किया जा सकता कि कहीं विकासखंड अधिकारी व शिक्षक के बीच कुछ लेन-देन तो नहीं, इसकी मुख्य वजह? जबकि ऐसे शिकायत पर तत्काल जांच कर उचित कार्यवाही करनी चाहिए, लेकिन इस मामले में छुरिया बीईओ ने जिले से आए जांच के आदेश पर जांच टीम गठित किया है जिसमें कौन और कहां के जांचकर्ता अधिकारी हैं और कब तक जांच शुरू होगी। इस बात कि जानकारी शिकायतकर्ता को नहीं। बहरहाल अब देखना होगा आखिरकार कब होता है जांच और क्या होता है ऐसे लापरवाह व्याख्याता पर?

विधायक प्रत्याशी बनने चाहत, दावों में कितना दम!

खैरागढ़-छुईखदान/नवप्रदेश। खैराढ़ विधानसभा के निर्वाचित विधायक देवव्रत सिंह के आकस्मिक निधन से खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र विधायक विहीन हो गया है। इस कारण खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव होना है, किन्तु आज पर्यन्त चुनाव आयोग द्वारा उप चुनाव की घोषणा नहीं हुई है। संभावना है निकट भविष्य में उपचुनाव की घोषणा संभावित है। उप चुनाव में विधायक प्रत्याशी बनने भाजपा एवं कांग्रेस में नामों की फेहरिस्त लंबी चाहत में अभी से होगो का गांव-गांव का दौरा कर चुनावी माहौल बनाया जा रहा है। खैरागढ़ विधानसभा के, खैरागढ़, तहसील छुईखदान तहसील एवं गंडई तहसील इन तीनों तहसीलों के लोग पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी बनने लामबंद हो रहे हैं। क्षेत्र के गांवों में क्रिकेट प्रतियोगिता सहित श्रीमद् भागवत महापुराण के हो रहे आयोजनों में जो पहले ऐसे आयोजनों में नहीं देखे जाते रहे, अब प्राथमिक तौर से उपस्थित हो रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र के पंचायतों के स्वीकृत कार्य में भूमिपूजन करते यू-ट्यूब में प्रचारित कर रहे है। गत माह छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वारा छुईखदान टिकरी पारा स्थित मंगल भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओ का सम्मेलन आयोजित कर धरातल में कांग्रेस की स्थिति का टोह लेने का प्रयास किया गया, जिसमे प्रत्याशी के पक्ष में नारे बाजी हुई। इससे अध्यक्ष में मंच से नाराजगी जाहिर की गई। क्षेत्र में शनैः शनैः प्रत्याशियों ने द्वारा पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी बनाये जाने प्रचार किया जा रहा है, जिससे उप चुनाव की सरगर्मियां बढ़ गई है, मतदाताओं में तर्क-वितर्क की चर्चा चर्चित हो रही है। यह भी कयास लगाया जा रहा है कि क्षेत्र में जिस जाति वर्ग की बाहुल्यता है, उसे ही पार्टियों द्वारा अधिकृत प्रत्याशी बनाया जाए। इस पर मतदाताओं में विरोधाभाष है, क्योंकि गत विधानसभा निर्वाचिन जाति वर्ग द्वारा चयनित किये गये प्रत्याशी अपनी-अपनी पार्टी को विजय नहीं दिला पाये। प्रजातंत्र में सभी अपराधों से मुक्त व्यक्तियों को चुनाव लड़ने की स्वतंत्रता है, इसलिए उप चुनाव में प्रत्याशी चयन में प्रत्याशियों के बायोडाटा जो पार्टी में प्रस्तुत किये जा रहे है उसकी हकीकत परखने के बाद ही प्रत्याशी का चयन किया जाये। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सत्ता है, इस कारण उप चुनाव में कांग्रेस पार्टी से ही विधायक बनने की अभिलाषा में अनेक दावेदार सक्रिय होकर प्रयासरत है।

नर्मदा मेला स्थल में नशे के विरुद्ध जोर-शोर से चलाया जा रहा निजात अभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। थाना गंडई पुलिस ने नर्मदा मेला स्थल में मेला समिति के साथ मिलकर मेला स्थल में जगह-जगह पर फ्लेक्स लगाकर नारकोटिक्स, गांजा,ड्रग उपयोग नहीं करने के लिये एवं सायबर क्राइम से संबंधित अपराध एवं उससे बचाव की जानकारी दी जा रही है पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश बढ़ई और एसडीओपी गंडई प्रशांत खांडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक सनत सोनवानी के नेतृत्व में मेला स्थल नर्मदा गंडई में उपस्थित आये ग्रामीणों को निजात अभियान के संबध में विस्तार से जानकारी देते हुए लोगों को नशीला पदार्थ गांजा, सिरिंज, नशीला टेबलेट, सिरप, इंसुलिन उपयोग न करने के लिए जागरुक किया जा रहा है व नशीला पदार्थ बिक्री करने वाले व्यक्ति की जानकारी मिलती है तो पुलिस को सूचित करने सहयोग करने बताया गया। साथ ही साइबर क्राइम, एटीएम फ्राड, ऑन लाइन फ्राड, मोबाइल टावर लगाने के नाम पर ठगी, लाटरी, इनाम लगने के नाम पर ठगी एवं किसी भी अनजान व्यक्ति को फोन पर अपना बैंक खाता संबंधी जानकारी नहीं देने के बारे में बताते हुए समझाइस दिया जाकर जागरूक किया जा रहा है। उपस्थित लोगों के द्वारा पुलिस विभाग के चलाए जा रहे निजात अभियान की सराहना की जा रही है।

वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

■ ग्रामीण क्षेत्रों में कैशलेस लेनदेन को किया गया प्रोत्साहित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा ग्राम ढारा, घुमका, मासूल, बनभेड़ी, रामपुर एवं सांसद आदर्श ग्राम मातेखेड़ा में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आरबीआई द्वारा 'गो डिजिटल गो सिक्योर' थीम पर वित्तीय जागरूकता सप्ताह 14 से 18 फरवरी तक मनाया जा रहा है। शिविर में आरबीआई की एजीएम सुक्षिमा नाइक ने वित्तीय साक्षरता से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रत्येक वर्ष जागरूकता अभियान चलाने को लेकर सभी बैंकों के साथ मिलकर अभियान चलाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में उन्होंने ग्राहकों को कैशलेस लेन देन को बढ़ावा देने हेतु बैंकों के विभिन्न ऐप के माध्यम से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा सुरक्षित रूप से ऑनलाइन लेन देन के लिए आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने किसी भी तरह की व्यक्तिगत जानकारी जैसे कि एटीएम का पिन और ओटीपी किसी से भी साझा नहीं करने की समझाइश दी। शिविर में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अजय कुमार त्रिपाठी आरबीआई द्वारा जारी किये गए ऑडियो के माध्यम से भी प्रतिभागियों को इस संबंध में जागरूक किया। उन्होंने ने बताया कि अब ग्राहकों के मोबाइल में ही बैंक है, अब ग्राहकों को बहुत सी महत्वपूर्ण जानकारी मोबाइल पर ही उपलब्ध है एवं इसे सुरक्षित रखना ग्राहकों के हाथ में है। उन्होंने प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति सुरक्षा योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक ने बैंक मैनेजरों की ली बैठक, दिए निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश।। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में शहर के सभी बैंक के मैनेजरों की मीटिंग आहुत की गई, जिसमें बैंक एवं पुलिस के बीच समन्वय स्थापित करने एवं आपराधिक मामलों में पुलिस द्वारा बैंकों से चाही गई जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा किया गया। बैंक एवं एटीएम में लगे हुए सुरक्षा गार्ड का अनिवार्य रूप से पुलिस वेरीफिकेशन की जावे। बैंकों के सुरक्षा के लिए लगाये गये उपकरण सीसीटीव्ही कैमरे, डबल लॉक की स्थिति, लॉकर और सुरक्षा अलार्म आदि को चालू हालत में रखा जाये। साथ ही बैंक के आसपास आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत नजर रखी जाए एवं कहीं पर भी किसी के द्वारा संदिग्ध आचरण परिलक्षित हो तो तत्काल पुलिस को अवगत कराये। साइबर अपराध, बैंकिंग अपराध व धोखाध?ी के अपराधों में सीसीटीवी फुटेज तत्काल उपलब्ध कराने के लिए पुलिस आवेदन देती है तब सीसीटीवी फुटेज समय पर उपलब्ध कराया जाने हेतु निर्देशित किया गया। कोविड-19 वैश्विक महामारी को देखते हुए बैंक के कर्मियों एवं उपभोक्ताओं को सोशल डिस्टेसिंग एवं मॉस्क का उपयोग कर समय-समय पर शासन द्वारा जारी कोविड प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने हेतु दिशा-निर्देश भी दिया गया एवं किसी भी प्रकार के विषम परिस्थिति में संबंधित थाना से संपर्क करने कहा गया। पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर 100 एवं फाइनेंसियल फ्राड होने पर 1930 पर डायल कर रिपोर्ट करने के संबंध में जानकारी दी गई। बैंक में सुरक्षा उपकरणों को बीच-बीच में चेक करते रहने के साथ-साथ बैंक के भीतर प्रवेश करने वालों का रजिस्टर मेंटेन करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव संजय महादेवा, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव गौराव राय, निरीक्षक प्रदीप सोरी, प्रभारी साइबर सेल द्वारका प्रसाद लाउत्रे एवं जिले के सभी बैंकों से आए बैंक मैनेजर एवं लीड बैंक के अधिकारीगण उपस्थित थे।

मनरेगा स्थल पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लगाया कोरोना टीका

कांकेर/नवप्रदेश। जिले को शतप्रतिशत कोरोना टीकाकरण कराने के लिए जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीम बनाकर महाअभियान को सफ ल बनाने के लिए घर-घर पहुंचकर लोगों को टीकाकरण किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशन में टीकाकरण दलों द्वारा पहुंचविहीन क्षेत्र में भी जाकर लोगों को प्रेरित कर कोविड-19 का टीकाकरण किया जा रहा है। जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वास कुमार ने बताया कि महाअभियान को सफ ल बनाने के लिए भानुप्रतापपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सेलेगांव, घोटिया, मुंगवाल, भोडिया और बांसकुंड के महात्मागांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना चलाये जा रहे स्थलों में टीकाकरण दलों द्वारा पहुंचकर लोगों को टीकाकरण किया जा रहा है। भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में टीकाकरण के लिए 119 दल गठित किया गया है जिनके द्वारा गत 16 फरवरी को महाअभियान के दिवस 02 हजार 319 लोगों का टीकाकरण किया गया है।

खाद दुकानों,गोदामों का किया निरीक्षण

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए उप संचालक कृषि के निर्देश पर उर्वरक निरीक्षण दल द्वारा तहसील रामानुजगंज के सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के दुकानों/गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया। दल द्वारा दुकान संचालकों से स्टॉक पंजी, मूल्य सूची, कैशलेस पेमेन्ट सिस्टम इत्यादि का अवलोकन किया गया। उर्वरक निरीक्षण दल द्वारा गोयल इन्टरप्राईजेस, पवन अग्रवाल, साहू कृषि सेवा केन्द्र, अग्रवाल कृषि सेवा केन्द्र रामानुजगंज तथा मां महामाया कृषि सेवा केन्द्र आरागाही का निरीक्षण किया गया, जिसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। दल ने दुकान संचालकों को पॉश मशीन से उर्वरक क्रय करने, स्टॉक पंजी संधारण, कैश मेमो बिल बुक इत्यादि संधारित करने एवं पाक्षिक तथा मासिक जानकारी समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निगम राजस्व वसूली में बरत रही है कड़ाई, कर नहीं पटाने पर 5 नल विच्छेदन की कार्यवाही

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष समाप्ति को ध्यान में रखते हुये राजस्व वसूली में क?ाई बरती जा रही है। जहां वार्डो में शिविर के माध्यम से राजस्व वसूली की जा रही है। वहीं घर-घर जाकर भी बकाया करों की वसूली की जा रही है। वसूली के दौरान लंबे समय से करों का भुगतान नहीं करने वाले करदाताओं का नल विच्छेदन किया जा रहा है। इसी क?ी में गत दिवस 5 नल विच्छेदन की कार्यवाही की गयी। साथ ही ब? बकायादारों को अंतिम नोटिस दी जा रही है, करों का भुगतान नहीं करने की स्थिति में बकायादारों का नाम सार्वजनिक किया जायेगा। इसी प्रकार दुकाने सील की जायेगी।

आयुक्त डॉ. अशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि उपायुक्त सुदेश कुमार सिंह ने नेतृत्व में प्र. राजस्व अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर एवं राजस्व अमला सम्पतिकर, जलकर, समेकित कर व दुकान किराया की वसूली शिविर के अलावा घर घर जा कर रही है और ब? बकायादारों को अंतिम नोटिस भी दिया जा रहा है। नोटिस उपरांत करों का भुगतान नहीं करने पर बकायादारों का नाम सार्वजनिक करते हुये समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि निगम करों का भुगतान नहीं करने पर वार्ड नंबर 12 में 2, वार्ड नंबर 42, 48 व 50 में 1-1 कुल 5 नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार दुकानदारों द्वारा लंबे समय से दुकान किराया का भुगतान नहीं करने पर दुकानें सील करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि नागरिकों द्वारा करो का भुगतान करने पर होने वाले राजस्व आय से कर्मचारियों का वेतन भुगतान सहित नगर विकास किया जाता है।

आयुक्त श्री चतुर्वेदी ने निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत निवासरत भवन एवं भूमि स्वामियों तथा निगम स्वामित्व के दुकानों के किराएदारों से अपने स्वामित्व की भवन व भूमियों के संपत्तिकर, समेकित कर एवं जलकर की संपूर्ण बकाया राशि तथा निगम स्वामित्व की दुकानों का संपूर्ण बकाया किराया का भुगतान निगम कार्यालय अथवा वार्डो में आयोजित शिविर में अनिवार्यतः जमा कर रसीद प्राप्त कर नगर विकास में सहयोगी बनने की अपील की है।

पूरक कार्ययोजना के लिए 13 करोड़ 9 लाख का बजट अनुमोदित

■ वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन किया गया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक में वर्ष 2021-22 के लिए पूरक वार्षिक कार्ययोजना तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन किया गया। पूरक कार्ययोजना हेतु 13 करो? 9 लाख रूपए का बजट अनुमोदित किया गया। आगामी वर्ष के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जिला अस्पताल, मत्स्यपालन के हेचरी के कार्यों को प्राथमिकता से करने का निर्णय लिया गया। संबंधित विभाग से प्रस्ताव लिए गए तथा लोकहितकारी कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, विधायक प्रतिनिधि लीलाराम भोजवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष डीएमएफ तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि स्थानीय स्तर पर खनिज के विदोहन की रायल्टी से जो राशि मिलती है। उसका स्थानीय जनप्रतिनिधि मिलकर जिले के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करते हैं। राजनांदगांव जिले में खनिज की राशि के साथ ही बालोद जिले से भी खनिज की राशि 20 प्रतिशत प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि डीएमएफ राशि का उपयोग मुख्यतः स्वास्थ्य, शिक्षा, सुपोषण के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा कुल राशि का 50 प्रतिशत खनिज प्रभावित क्षेत्रों के उत्थान के लिए व्यय किया जाता है। स?क अधोसंरचना सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों के लिए कार्ययोजना बनाकर राशि प्रदान की जाती है। पारदर्शिता से कार्य होना चाहिए।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि जिन-जिन क्षेत्रों में क्वारेंटाईन सेंटर बनाए गए थे वहां साफ-सफाई और रंगरोगन का कार्य अभियान चलाकर किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य होने चाहिए। खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने कहा कि जर्जर स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कराए जाने की जरूरत है।

इस अवसर पर एसडीएम अरूण वर्मा ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से जिला खनिज संस्थान न्यास द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने पूरक बजट 2021-22 प्रस्तुत किया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत किया। इस दौरान बजट अनुमोदन के संबंध में चर्चा की गई। स्वीकृत कार्यों के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव रखे गए। उन्होंने बताया कि जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत विभिन्न कार्यों के लिए 151 करो? 89 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। डीएमएफ के अंतर्गत 1583 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिनमें 1177 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 264 कार्य प्रगतिरत, 4 अप्रारंभ है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट एवं कार्ययोजना अनुमोदन के लिए पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण उपाय, कौशल विकास एवं रोजगार, सिंचाई ऊर्जा एवं जल विभाजक, भौतिक अधोसंरचना, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण एवं युवा गतिविधियों में ब?ावा, अन्य सेक्टर तथा आकस्मिक व्यय के संबंध में चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मरकाम, नगर निगम आयुक्त आशुतोष चतुर्वेदी, जनप्रतिनिधि सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि न्यास निधि से प्राप्त राशि का न्यूनतम 50 प्रतिशत राशि प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों में व्यय किया जाएगा। जिले के कुल 213 ग्राम खनन कार्य प्रत्यक्ष प्रभावित है। प्राप्त राशि में से न्यूनतम 60 प्रतिशत राशि उच्च प्राथमिकता क्षेत्रों में उपयोग किया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल आपूर्ति के क्षेत्रों में अधोसंरचना, निर्माण कार्य को छो?कर अधोसंरचना, निर्माण कार्यों में कुल व्यय प्राप्त राशि का 20 प्रतिशत तक ही किया जाएगा।

जर्जर स्कूलों को जमींदोज कराने समिति व शिक्षकों की हुई बैठक

नगरी/नवप्रदेश। आदिवासी विकास खंड नगरी अंतर्गत स्कूली बच्चों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से अति जर्जर हो चुके प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाई स्कूल भवनों को डिस्मेंटल कराए जाने के लिये संबंधित ग्रामों के सरपंच, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष तथा संस्था के प्राचार्य, प्रधान पाठकों, संकुल शैक्षिक समन्वयकों की आवश्यक बैठक बीईओ अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह द्वारा स्रोत केंद्र नगरी के सभाकक्ष में ली गई। बैठक में बीईओ ने अति जर्जर हो चुके 72 प्राथमिक शाला भवन , 12 माध्यमिक शाला भवन तथा 1 हाई स्कूल भवन को बच्चों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से त्वरित पहल कर एक सप्ताह में ग्राम में शाला विकास समिति की बैठक में भवन को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव पारित करने तथा आवश्यकतानुसार नवीन शाला भवन के निर्माण कराए जाने का मांग पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बीईओ ने किसी भी स्थिति में अतिजर्जर तथा अनुपयोगी हो चुके शाला भवन में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए शाला संचालन नहीं किये जाने के निर्देश दिए तथा कक्षा संचालन के लिये उपलब्ध अन्य अतिरिक्त कक्ष में शाला संचालित करने को कहा। बैठक में सभी सरपंच, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, संकुल समन्वयकों तथा प्रधान पाठकों के साथ नगरी विकास खण्ड में शिक्षा के गुणात्मक विकास तथा उन्नति के लिये चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिये गए।

छात्रों ने स्कूल में जड़ दिया ताला, शिक्षकों की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं छात्र

डभरा/नवप्रदेश। चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक डभरा के ग्राम कौड़ीया के शासकीय उन्नयन पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक की कमी को लेकर छात्र-छात्राओं ने स्कूल की तालाबंदी कर दी। इस दौरान सुबह 10 बजे से गेट के सामने बैठ कर नारे लगाते हुए शिक्षक की मांग को लेकर कर आन्दोलन प्रारंभ कर दिया। कौडिया के शासकीय उन्नयन पूर्व माध्यमिक विद्यालयविद्यालय में 3 सालों से शिक्षक की कमी से जूझ रहा है विद्यालय में 2 शिक्षक पदस्थ हैं परंतु एक शिक्षक देव कुमार पटेल 3 सालों से लकवा ग्रस्त होने के कारण स्कूल नहीं आ रहे है। मात्र एक शिक्षक ओम प्रकाश चंद्रा के भरोसे स्कूल चल रहा है। कभी-कभी शासकीय कार्यों में ब्लॉक मुख्यालय एवं संकुल केंद्र जाना पड़ता है। उस दिन पूरी पढ़ाई बच्चों की प्रभावित होती है।

3 सालों से छात्र छात्रों की पढ़ाई प्रभावित

जबकि छात्र छात्राओं एवं ग्रामीणों द्वारा कई बार स्थानीय शासन प्रशासन एवं क्षेत्रीय विधायक जनप्रतिनिधियों को अवगत करा चुके हैं। इसके बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया। शिक्षक नहीं होने से पढ़ाई नहीं होती है और शिक्षा के स्तर दिनों दिन गिर रहा है। आज सिस्टम की लापरवाही के कारण नौनिहाल पढ़ाई छोड़ शिक्षक की मांग पर आंदोलन पर हैं। हाथ में किताब कलम के बजाय तख्ती में नारे लिखकर स्कूल में, शिक्षा दो, शिक्षक दो के नारे लगाते हुए आंदोलन पर शाम 4 बजे तक बैठे रहे। परंतु किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने बच्चों को आश्वासन नहीं दिया। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डभरा बीएस बंजारे ने कहा कि शासकीय उन्नयन पूर्व माध्यमिक विद्यालय कौड़ीया में जल्द ही शिक्षक की व्यवस्था की जाएगी।

कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 3 अप्रैल को

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के विकासखण्ड लोरमी के ग्राम बंधवा में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2022-23 में अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों का कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 03 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रावीण्यता के आधार पर बालिका वर्ग में 30 और बालक वर्ग में 30 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने इस संबंध में बताया कि प्रवेश परीक्षा हेतु विद्यार्थी आवेदन पत्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा लोरमी में 10 मार्च तक कार्यालयीन समय में जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त भी आवेदन पत्र विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 01 जुलाई 2022 को 10 से 13 वर्ष के मध्य हो, प्रवेश के समय कक्षा 05वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक हो, छ.ग.राज्य के अनुसूचित जनजाति वर्ग का मूल निवासी होना अनिवार्य है। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा प्रश्न पत्र कुल 04 खण्डों मे होगा प्रत्येक खण्ड में से 25-25 वस्तुनिष्ठ/लघु उत्तरीय प्रश्न 100 अंकों के होंगे। परीक्षा का विषय गणित, अंग्रेजी, हिन्दी एवं पर्यावरण होगा। प्रवेश हेतु दस्तावेज कक्षा 05वी की अंकसूची, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, छग का मूल निवास प्रमाण पत्र, अनुसूचित जनजाति का स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड का छायाप्रति, जिला चिकित्सालय बोर्ड का स्वास्थ प्रमाण पत्र प्रवेश के 15 दिन के अंदर उपलब्ध कराना होगा।

नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत निजी स्वास्थ्य संस्थाओं का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देश पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत नोडल अधिकारी एवं जिला समिति के सदस्यों द्वारा विकासखण्ड मुंगेली के यशोदा हॉस्पिटल, पाण्डेय क्लिनिक, सतगुरू क्लिनिक, एवं विकासखण्ड लोरमी के गायत्री हॉस्पिटल, साहू हॉस्पिटल, डॉ. लॉज क्लिनिक, सिद्धार्थ क्लिनिक, गोड़खाम्ही शांति पाठक क्लिनिक, शुभम पैथोलॉजी कलेक्शन सेंटर, मां अम्बे पैथोलॉजी कलेक्शन सेंटर, पटेल होमियोपैथी क्लिनिक बरमपुर का निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि उक्त संस्थाओं में अग्नि सुरक्षा हेतु फायर सेफ्टि उपकरण तथा जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन की जांच की गई। उन्होंने बताया कि समस्त पंजीकृत निजी स्वास्थ्य संस्थाओं को छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 तथा नियम 2013 के तहत् संस्था का संचालन करने, संस्थाओं में 24इ7 चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, हास्पिटलों में बिस्तर संख्या के आधार पर पर्याप्त मात्रा में चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं समस्त पंजीकृत निजी स्वास्थ्य संस्थाओं को विषय विशेषज्ञ के आधार पर मरीजों का उपचार करने निर्देश दिये गये।

एकलव्य आवासीय विद्यालयों में चयन प्रवेश परीक्षा 3 अप्रैल को

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले अंतर्गत संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु कक्षा 6वीं में चयन प्रवेश परीक्षा 03 अप्रैल 2022 दिन रविवार को निर्धारित की गई हैं। जिसके लिए फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2022 निर्धारित की गई। रायगढ़ जिले अंतर्गत खरसिया, बालक एकलव्य आवासीय विद्यालय में 60 सीट बालक, धरमजयगढ़, संयुक्त एकलव्य आवासीय विद्यालय में 30 सीट बालक/30 सीट बालिका, घरघोड़ा कन्या एकलव्य आवासीय विद्यालय में 60 सीट बालिका तथा लैलूंगा बालक एकलव्य आवासीय विद्यालय में संयुक्त एकलव्य आवासीय विद्यालय में 30 सीट बालक/30 सीट बालिका रिक्त है। आवेदक सहायक आयुक्त, कार्यालय रायगढ़ तथा संबंधित विद्यालयों से परीक्षा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक फार्म जमा करते समय कक्षा 5वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति आवेदन फार्म के साथ संलग्न करेगें।

ग्राम पंचायत कोड़तराई में युवाओं का अभिमुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

रायगढ़/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़तराई में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत कोड़तराई के बाजार चौक पर युवाओं के व्यक्तित्व विकास हेतु युवाओं का अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मीदेवी पटेल उपस्थित रही। साथ ही मुख्य प्रवक्ता के रूप में कोड़तराई विद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी राजेश पटेल, वरिष्ठ शिक्षक अखिलेश मिश्रा और यूनिसेफ रायगढ़ के डीएमसी शशांक शर्मा उपस्थित रहे।उपस्थित वक्ताओं ने अपने उद्बोधन के द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीयता, कौशल विकास की जानकारी दी साथ ही राष्ट्रहित में समर्पित होने का सन्देश दिया गया।

जल जीवन मिशन बम्हनीडीह में कौशल विकास प्रशिक्षण संपन्न

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन अंतर्गत बुधवार को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के सभाकक्ष में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बम्हनीडीह के वरिष्ठ नागरिक राजकुमार पटेल थे। अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बम्हनीडीह कुबेर सिंह उरेती ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत लखुर्री के वरिष्ठ नागरिक सत्यनारायण उपस्थित थे। सीईओ कुबेर सिंह उरेती और सहायक अभियंता पीएचई उप खंड चांपा गोपाल प्रसाद ठाकुर ने प्रशिक्षणार्थियों को जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी दी। जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर पंप आपरेटर,प्लंबर एवं इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण ग्राम पंचायत द्वारा चयनित छरू प्रशिक्षणार्थियों को दिया जाएगा। जिले में ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड चांपा अंतर्गत बम्हनीडीह विकासखंड के चार ग्राम पंचायत बम्हनीडीह, करनौद, लखाली वह लखुर्री का कौशल विकास प्रशिक्षण क्लस्टर बम्हनीडीह अंतर्गत वहां के जनपद पंचायत सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर मधुसूदन साहू, फूलेश्वर साहू वह मनहरणलाल सानू ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी जानकारी दी। प्रशिक्षण दो सत्र आयोजित किया गया। पहले सत्र में योजना से संबंधित तकनीकी जानकारी आवश्यक उपकरणों का प्रदर्शन के साथ दी गई। दूसरे सत्र में मैदानी अवलोकन कराया गया, जिसमें पानी टंकी, पंप हाउस ले जाकर वहां प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर आईईसी शिव नारायण त्रिपाठी ने किया, आभार प्रदर्शन प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर आईएसए महेश शुक्ला ने किया।

सी-मार्ट क्रियान्वयन एवं समन्वय के लिए समिति गठित

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य शासन के विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत संचालित महिला स्व-सहायता समूहा, शिल्पियों, बुनकरों, दस्तकारो, कुंभकारो अथवा अन्य पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों का समूचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए इनका व्यवसायिक ढंग से मार्केटिंग किया जायेगा, जिससे सभी उद्योमियों को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। इस उद्देश की पूर्ति के लिए जिला मुख्यालय में सी-मार्ट की स्थापना किया जायेगा। इस समिति के सदस्य सचिव वन मण्डलाधिकारी सह प्रबंध संचालक जिला यूनियन कांकेर को बनाया गया है। वनमण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर (पूर्व/पश्चिम), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कांकेर, महाप्रबंधक उद्योग, उप संचालक कृषि, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, कृषि विकास केन्द्र, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कांकेर, प्रबंधक जिला ग्रामोद्योग, सहायक संचालक रेशम, सहायक संचालक उद्यान, डीएमएम बिहान जिला पंचायत कांकेर, डीपीएम जिला पंचायत, प्रबंधक हस्तशिल्प नारायणपुर और प्रबंधक हथकरधा जगदलपुर को सदस्य बनाया गया है।

उपचारात्मक शिक्षण के लिए शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। आदिवासी विकास खंड नगरी अंतर्गत कोविड 19 के कारण स्कूली बच्चों के सीखने में उत्पन्न हुई बाधा तथा क्षति को दूर करने के लिए उपचारात्मक शिक्षण की प्रक्रिया नवाजतन के नाम से प्रारम्भ की गयी है। नवा जतन अंतर्गत आदिवासी विकासखंड नगरी के संकुल शैक्षिक समन्वयकों एवं पीएलसी सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड स्रोत केंद्र नगरी के सभा कक्ष में 14 एवं 15 फरवरी को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में प्रत्येक संकुल से सीएसी के साथ माध्यमिक शाला के एक पीएलसी सदस्य शामिल हुए। नवाजतन प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय दिवस के समापन पर प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए नवाजतन अंतर्गत शालाओं में सामान्य शिक्षण के दौरान ही शिक्षकों को उपचारात्मक शिक्षण की प्रक्रिया करने के निर्देश दिए। बीईओ सतीश प्रकाश सिंह ने शाला में बुनियादी भाषा, साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त न कर सकने वाले बच्चों का चिन्हांकन कर उपचारात्मक शिक्षण की प्रक्रिया के तहत बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने तथा मूल्यांकन, निदानात्मक परीक्षण करने के निर्देश दिए। ब्लाक स्तर के प्रशिक्षण उपरांत जोन स्तर पर शिक्षकों को नवाजतन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यशाला डाईट नगरी तथा अजीम जी प्रेम जी फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ।

विवाद : तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों का आंदोलन स्थगित

रायगढ़/नवप्रदेश। तहसील कार्यालय में मारपीट मामले को लेकर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों का आंदोलन स्थगित हो गया। कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की ओर से शुक्रवार की दोपहर घोषणा की, जिससे रायगढ़ में जारी आंदोलन को आज स्थगित कर दिया गया है। बीते दिनों रायगढ़ तहसील कार्यालय में अधिवक्ताओं ने मारपीट व हंगामा किया था। मामले की शिकायत पर चक्रधर नगर पुलिस ने वकीलों के खिलाफअपराध दर्ज किया। आरोपी अधिवक्ताओं की की गिरफ्तारी को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने आंदोलन की घोषणा की थी। मामले से जुड़े 4 अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी के बाद कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कामबंद आंदोलन स्थगित कर दिया था, लेकिन तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार ने तहसील कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर आंदोलन जारी रखा था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तहसील कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छत्तीसगढ़ में लगेगा ...

दे रही है। इसी के तहत प्लास्टिक और टेक्सटाइल की कंपनियां प्रदेश में प्लांट लगाएंगी।

भूपेश कैबिनेट के...

वर्ष के आयु समूह के 3,23,624 विद्यार्थियों में से 68,054 विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2022-23 से लाभान्वित होंगे ।

- छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं प्रबंधन नियम 2015 के अंतर्गत उद्योग विभाग द्वारा आवंटित अविकसित / लैंड बैंक की भूमि फ्री होल्ड किये जाने पर दरों के निर्धारण के संबंध में नियमावली की कंडिका में समावेश हेतु संशोधन प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

- छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम 2002 में संशोधन करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया । जिसके तहत बीज एवं कृषि विकास निगम को कृषि विभाग तथा समान प्रकृति के अन्य विभागों के लिये आवश्यक वस्तुओं के दर निर्धारण हेतु अधिकृत किया गया ।

- राज्य की औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत मेसर्स व्हीटेक प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्लास्टिक उत्पाद उद्योग तथा मेसर्स एसबीटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा टेक्सटाइल उद्योग की स्थापना के लिये विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज निर्धारण के लिये प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

- राज्य प्रशासनिक सेवा संवर्ग के (कनिष्ठ श्रेणी) वेतनमान से वरिष्ठ श्रेणी (संयुक्त कलेक्टर) वेतनमान में पदोन्नत करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

- छत्तीसगढ़ भूराजस्व संहिता 1959 में (संशोधन) विधेयक 2022 का अनुमोदन किया गया । जिसके अंतर्गत भू सर्वेक्षण की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने , सर्वेक्षण के उपरांत धारणाधिकार के सुगम निर्धारण करने, भूमि अभिलेखों के निर्माण एवं संधारण, नामांतरण एवं बंटवारा जैसे डिजिटल प्रक्रियाओं को विधिक रूप देने , औद्योगिक नीति 2019-24 अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों, पार्कों के संनिर्माण को प्रोत्साहित करने , मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के उद्देश्यों की पूर्ति तथा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के गैर जरूरी उपबंधों को विलोपित कर प्रासंगिक प्रावधानों को नियमित करना शामिल है ।

- नगरीय क्षेत्र में शासकीय भूमि आवंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन एवं भूस्वामी हक प्रदान करने के नवीन प्रावधानों का अनुमोदन किया गया ।

21 धमाके, 56 मौत...

अगले ही दिन सूरत में कई बम बरामद किए गए जिन्हें लगाया तो गया था लेकिन वो फटे नहीं. अगले कई दिनों तक सूरत में बम मिलते रहे और नौ अगस्त तक इस तरह बरामद हुए बमों की संख्या 29 हो गई थी. पुलिस ने कुल 35 मामले दर्ज किए, जिनमें से 20 अहमदाबाद में और 15 सूरत में दर्ज किए गए. सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में मौत की सजा के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत कहा कि जुर्म कितना भी खौफनाक क्यों ना हो, दोषी की मौत की सजा को कम किए जाने के कारणों पर जजों को विचार करना चाहिए.

इन 38 दोषियों को...

उर्फ मिस्टर शेख

25. जियाउर रहेमान उर्फ मोंटू उर्फ जिया अब्दुल रहमानी तेली

26. महम्मद शकील यामिनखान लुहार

27. मोहम्मद अकबर उर्फसईद उर्फयाकूब उर्फविनोद इस्माइल चौधरी

28. फज़ले रहेमान उर्फ रफीक उर्फ सलाउद्दीन मुसद्दिकखान दुर्रानी

29. एहमद बावा उर्फअबू अबूबकर बरेलवी

30. सरफुद्दीन उर्फ सरफु सन ऑफ ई.टी. सैनुद्दीन उर्फ अब्दुल सत्तर उर्फ अब्दुल सलाम उर्फसलीम (टाइमर बम बनाने के लिए टाइमर चिप बनाई, बम ब्लास्ट करवाया)

31. सैफुर रहेमान उर्फसैफूउर्फसैफअब्दुल रहेमान (अलग अलग इलाकों को रेकी की थी, बम वाली साइकिल लेकर नारोल सर्कल इलाके में रखी)

32. सादुली उर्फ हारिज़ अब्दुल करीम मुस्लिम

33. मोहम्मद तनवीर उर्फतल्हा मोहम्मद अख्तर पठाण

34. आमीन उर्फराजा अय्यूब शेख

35. महम्मद मुबीन उर्फ इरफान अब्दुल शाहरुख़ खान

36. मोहम्मद रफीक उर्फ जावीद उर्फ आलमजेब आफरीदी

37. तौसीफखान उर्फआतिक एहमदखान पठान

38. मोहम्मद आरिफ नसीम अहमद मिर्ज़ा

सड़क किनारे खड़े ...

हादसे में एक महिला सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हुई है। सिर पर गंभीर चोटें लगने की वजह से सभी की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार चारों एक ही बाइक पर सवार थे। बाइक सवारों की किसी वाहन से आमने-सामने भिड़ंत हुई है या किसी खड़ी वाहन के पीछे जाकर टकराए गए यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

पूरे शहर में धमाकों को ...

वो एक समान है। जांच के मुताबिक इन आईईडी को सार्वजनिक स्थानों पर विस्फोट करने के इरादे से तैयार किया गया था। स्थानीय समर्थन के बिना ऐसी गतिविधियां संभव नहीं हैं। उन्होंने कहा कि स्पेशल सेल और अन्य टीमें मामले की जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली में इस तरह की हर घटना को रोकने की कोशिश कर रहे हैं साथ ही साथ किसी भी स्थानीय और विदेशी नेटवर्क को बेनकाब करने की कोशिश की जा रही है।

यूक्रेन से तनाव के बीच ...

उत्तरी और काला सागर बेड़े में शामिल होगा। राज्य द्वारा संचालित न्यूज़ समाचार एजेंसी ने रक्षा मंत्रालय का हवाला देते हुए कहा कि युद्धाभ्यास पहले से योजनाबद्ध था।

इंद्राणी की जमानत ...

करीब साढे छह वर्ष से चल रहा है और शायद यह अगले 10 वर्ष में भी समाप्त नहीं होगा। अभी और भी कई गवाहों से पूछताछ की जानी है, जबकि संबंधित सीबीआई न्यायालय में कोई न्यायाधीश नहीं है।' न्यायमूर्ति राव ने श्री रोहतगी से पूछा कि कितने गवाहों की गवाही बाकी है। इस पर उन्होंने जवाब दिया की 185 गवाहों की गवाही बाकी है। लगभग डेढ़ सालों से किसी की गवाही नहीं हुई है। वर्ष 2021 के जून से संबंधित न्यायालय में न्यायाधीश का पद खाली है। उन्होंने अभियुक्त मुखर्जी के छह साल से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद रहने तथा उसकी बीमारी का भी जिक्र किया।

कार्यालय जिला पंचायत, राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/1443/जि.पं./VDVK/2021 राजनांदगांव, दिनांक 18/02/2022

प्र.म. वनधन विकास कार्यक्रम अंतर्गत मशरूम स्पॉर्न उत्पादन इकाई की स्थापना हेतु निविदा

प्रधानमंत्री वनधन विकास कार्यक्रम, जिला राजनांदगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत जोब, विकासखण्ड छुरिया में एक **मशरूम स्पॉर्न उत्पादन इकाई** की स्थापना की जानी है इस हेतु संबंधित संस्थाओं / फर्म से मोहरबंद प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी अन्य नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पंचायत राजनांदगांव के सूचना पटल पर एवं राजनांदगांव जिले की वेबसाईट https://rajnandgaon.nic.in पर उपलब्ध है।

निविदा प्रारंभ की तिथि :- दिनांक 19.02.2022
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 21.03.2022 समय दोपहर 3.00 बजे तक
निविदा खोले जाने की तिथि :- दिनांक 21.03.2022 समय दोपहर 4.00 बजे।

संवाद-31510/2

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत राजनांदगांव

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा : करगी रोड | Central Bank of India Branch : Kargi Road

परिशिष्ट-4 नियम-8 (1) कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

यतः अधोहस्ताक्षरी ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 का अधिनियम के अधीन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत अधिकारी हैं, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधार लेने वाले को निम्नलिखित तिथि को एक मांग नोटिस में उल्लेखित रकम तथा उस पर ब्याज उक्त नोटिस प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी। उधार लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर, उधार लेने वाले और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 4 के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित दिनांक को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधार लेने वाले को विशिष्ट रूप से और जनसाधारण को इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि वह इस संपत्ति से संबंधित कोई व्यवहार न करें एवं यदि करता है तो वह निम्नलिखित देय धनराशि तथा उस पर देय ब्याज तथा व्यय के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रभार के अधीन होगा।

देनदार का ध्यान रक्षित संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय हेतु अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/जमानतदार का नाम पता एवं शाखा	संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की राशि/दिनांक
1.	ऋणी - 1. मेसर्स आदित्य बिल्कॉन, प्रोप. श्री सांतनु महापात्र एवं 2. श्री सांतनु महापात्र पिता- काशीनाथ महापात्र, दोनों का पता- शिला टावर, ब्लॉक 4, तृतीय तल, फ्लैट नं. 306, सत्तुआ विहार, भारती नगर, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. 495001. एवं	श्रीमती उषा अग्रवाल पति- श्री बजरंग अग्रवाल के नाम पर खसरा नं. 156/02, प.ह.नं. 13/32/31, इस्तार नं. 12, भूखण्डक नं. 7/3, भूमि का कुल क्षेत्रफल- 0.51 एकड़/0.206 हेक्टेयर अर्थात 22200 वर्गफीट, ग्राम- रानीसागर, तहसील- करगी रोड, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित परिवर्तित भूमि के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी- उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि, पूर्व- श्री रमेश पाण्डेय की भूमि, पश्चिम- सड़क।	₹ 54,40,388/- उस पर देय ब्याज तथा व्यय दिनांक 13.05.2021 / कब्जा लेने की तारीख 15.02.2022
	जमानतदार- श्रीमती उषा अग्रवाल पति- श्री बजरंग अग्रवाल, पता- मकान नं. बी-05, प्रियदर्शिनी नगर, व्यापार विहार रोड, डॉ.शेखर तिवारी के पिछे, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. 495001. शाखाः करगी रोड (छ.ग.)।		

दिनांक : 18.02.2022, स्थान : करगी रोड (छ.ग.)
प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्रमांक 32/ले.शा./लो.स्वा.यां./2022 दिनांक 15.02.2022

जिला जांजगीर-चाम्पा में उपखण्डस्तरीय जल परीक्षम प्रयोगशाला के स्थापना हेतु उससे संबंधित उपकरण, रासायन, फर्नीचर आदि सामाग्री का प्रदाय हेतु मैन्युअल निविदा निर्माता/ अधिकृत विक्रेता से आमंत्रित की जाती है।

समूह क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की संभावित राशि (अनु. लागत) लाख में	अमानत राशि (रु. में)
1	3	4	5
1	उपखण्ड स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला हेतु केमिकल, स्टैण्र्ड साल्युशन एवं ग्लास वेयर इत्यादि का प्रदाय कार्य। (संलग्न शेड्यूल के अनुसार)	12.36	9500.00
2	उपखण्ड स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला हेतु आवश्यक उपकरण एवं फर्नीचर इत्यादि का प्रदाय कार्य। (संलग्न शेड्यूल के अनुसार)	10.70	8200.00

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंग है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में कार्यालयीन समय से दिनांक 22.02.2022 तक देखी जा सकती है।

जी-67953/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

ईमेल- eemun-phe-cg@nic. ''ट्रांजिट हॉस्टल जेल रोड मुंगेली'' फोन- 07755-264172, 205475

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण :- जिला मुंगेली के विकासखण्ड- मुंगेली एवं लोरमी के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिसन के अंतर्गत एकल ग्राम जल प्रदाय योजना कार्य।

क्र.	निविदा सूचना क्र./दिनांक	सिस्टम क्रमांक	ग्राम का नाम	विकासखण्ड	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	206/14.02.2022	92909	सहसपुर	लोरमी	111.61
2	207/14.02.2022	929208	रवेली	लोरमी	112.13
3	208/14.02.2022	92932	पंडोतरा	मुंगेली	72.21
4	209/14.02.2022	92934	खुजहा	मुंगेली	83.26
5	210/14.02.2022	92935	करूपान	मुंगेली	81.86
6	211/14.02.2022	92938	कुआगांव	मुंगेली	134.19
7	212/14.02.2022	92943	छुहिया	मुंगेली	68.45
8	213/14.02.2022	92944	कारीडोंगरी	लोरमी	89.14

बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 07.03.2022

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 14.02.2022 से देखे जा सकते हैं।

जी-67926/7

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली
जिला- मुंगेली (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

हर-हर महादेव की जयकारों से गूंजा महानदी संगम स्थल

नगरी/नवप्रदेश। मांघी पुर्णिमा के अवसर पर इस वर्ष महानदी सेवा संस्थान द्वारा एकदिवसीय भव्य महाआरती का आयोजन बुधवार को कर्णेश्वर धाम संगम स्थल देऊरपारा में हुआ। जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महानदी में डूबकी लगाकर गंगा मैय्या की महाआरती में शामिल हुए। संस्थान के सदस्य देवब्रत गौतम ने बताया कि इस वर्ष कोरोना महामारी की वजह से त्रिदिवसीय महाआरती को एकदिवसीय किया गया है। चूंकि मांघी पूर्णिमा पर सिहावा अंचल में अलग ही महत्व है। यहां पर क्षेत्र के साथ-साथ बस्तर, ओड़िशा, रायपुर, मध्यप्रदेश जैसे जगहों से श्रद्धालु स्नान के लिये पहुंचते हैं। स्नान के पश्चात गंगा महाआरती में शामिल होकर पुण्य का लाभ लेते हैं। महाआरती के प्रातकालीन बेला मे सिहावा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं महानदी सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्रवण मरकाम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता नागवंशी, धनेश्वर कंवली बाई साहू ने मुख्य पूजक की आसंदी पर बैठकर पूजा अर्चना की। वहीं संध्या कालीन महाआरती में लखनलाल ध्रुव, भूषण साहू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगरी, अमृत नाग सेवा निवृत्त डिप्टी रेंजर, बोरझरिया सेवा निवृत्त डिप्टी रेंजर, मोहन नाहटा मंडल अध्यक्ष भाजपा, सच्चिदानंद स्वर्णबेर ने पूजा की। आभार प्रदर्शन करते हुए प्रेमेंद्र महानदी सेवा संस्थान के संरक्षक सदस्य ने कहा कि गंगा मैय्या के प्रति आस्था और विश्वास की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास महाआरती समिति कर रही है। यह हम सबके लिये गौरव की बात है कि महानदी मैय्या की आरती निरंतर होती रहे। इसके साथ ही हम सभी को गंगा मैय्या को स्वच्छ एवं निर्मल रखने का प्रयत्न करना हम सभी अंचल के लोगों का दायित्व है। गंगा मैय्या का पूजन संस्कार.देनेवाला नवपीढी को संस्कृति व धर्मवान बनाने वाला पर्यावरण और प्रकृति के क्षेत्र मे कार्य करने की प्रेरणा स्त्रोत है। जहां लोग धर्म परायणता से भटककर दुराह में चले जा रहे है। इस दौरान संस्थान के सदस्य राकेश साहू, मुकेश यादव सचिव, लोकेश सोनी उपाध्यक्ष, सूंर्याशु ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन वैष्णव, पेमेन्द्र पटेल, संयुक्त सचिव पंकज साहू, देवब्रत गौतम, पवन मिश्रा, संरक्षक सदस्य राजेश यदु, डिकेश साहू, सीयाशरण पटेल, रामाराव बघेल, मनीष साहू, पुस्कर, राकेश निर्मलकर, कुमान ध्रुव, बलराम कौशल, नमन यादव, विवेक यादव, पवन, गुलशन साहू, वीरु, नरसिंह मरकाम, एस कुमार साहू, पारेंद सााहू, निर्मल एल्मा, निर्मल बिसेन, ललित साहू, नमन यादव, विनय यादव, टीकम सिंह ध्रुव, राजू साहू, करण सेन, अक्षय नेताम समस्त महानदी प्रहरी सहित नगरी सिहावा अंचल के सैकड़ों भक्त महाआरती के समापन में शामिल हुए।

शुरू होगा बीएससी और डिप्लोमा पाठ्यक्रम

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य होटल प्रबंधन संस्थान रायपुर में अगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए बीएससी और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तैयारी किया जा रहा है। यह कोर्स शतप्रतिशत प्लेसमेंट ओरिएंटेड हैं। जिले के इच्छुक युवा उक्त संस्थान में प्रवेश ले सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए उक्त संस्थान से संपर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राज्य होटल प्रबंधन संस्थान का तीसरा सफल वर्ष होगा, पिछले दो वर्षो से यहां उपलब्धियां हासिल किया गया है।

बासागुड़ा में लगा मेडिकल कैम्प एवं सिविक एक्शन प्रोग्राम

बीजापुर/नवप्रदेश। 210 कोबरा वाहिनी केरिपु बल के द्वारा बीजापुर जिले के अतिसंवेदनशील ग्राम बासागुड़ा में कोमल सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक केरिपु चल बीजापुर के मार्गदर्शन में

मेडिकल कैम्प एवं सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन 18 फरवरी को किया गया। पवन सिंह (द्वितीय कर्मा0 अधिकारी) 210 कोबरा की उपस्थिति में श्यामांता गोगोई मुख्य चिकित्साधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को कोविड-19, मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम के बारे में बताया एवं 56 ग्रामीणों की चिकित्सा जांच की गई एवं आवश्यक दवाईयों की वितरण भी किया गया। इसके साथ ही ग्रामिणों को रेडियो वितरण किया गया ताकि शासकीय योजनाओं के बारे मे जान सके एवं उनका लाभ उठा सके तथा मनोरंजन भी हो। युवाओं को वॉलीबाल, फुटबाल एवं अन्य खेल कूद की सामग्री का वितरण किया गया। उपस्थित सभी बालक-बालिकाए को उच्च शिक्षा अर्जित करने तथा खेलकूद के माध्यम से अच्छे स्वास्थ्य को बनायें रखने की सलाह दी गई। वाहिनी के अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों से वार्तालाप किया गया एवं आश्वासन दिया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उनकी हर सम्भव मदद की जाएगी। इस सिविक एक्शन प्रोग्राम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं इसकी सराहना की।

श्री पंडोखर सरकार दिव्य दरबार कोटेश्वरधाम में

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत डोंगरडुला के आश्रित ग्राम कोटाभर्री में प्रगटित स्वयंभू ज्योतिर्लिंग श्री भीमा कोटेश्वर महादेव धाम प्रांगण में त्रिकालदर्शी आध्यात्मिक गुरु परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री गुरुशरणजी महाराज श्री पंडोखर सरकारजी का दिव्य दरबार 25, 26 व 27 फरवरी को आयोजित किया गया है। यह दिव्य एवं भव्य आयोजन भीमा कोटेश्वर महादेव समिति के मुख्य संरक्षक छःग विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज सिंह मंडावी के द्वारा किया जा रहा है। कोटेश्वरधाम के पूज्यगुरुदेव स्वामी सत्यनारायण के मार्गदर्शन में समिति अध्यक्ष अर्जुन सिंह मरकाम सहित सदस्यगण तैयारी में लगे हैं।

विस सत्र के लिए एडीएम नोडल अधिकारी नियुक्त

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 07 मार्च से 25 मार्च तक प्रस्तावित है। कलेक्टर ने विधानसभा से संबंधित जानकारी निर्धारित समय सीमा पर प्रेषित करने के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी तीर्थराज अग्रवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

नौकरी लगाने के नाम पर किसी भी फर्जी फोन-कॉल के झांसे न आए

बीजापुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर अन्तर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर बीजापुर में रिक्त पद केन्द्र प्रशासक एवं केस वर्कर के पदों हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया। 17 फरवरी को जिले के वेब साईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बीजापुर डॉट जीओव्ही डॉट इन पर पात्र-अपात्र की सूची अपलोड कर दी गई है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने बताया कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्वयं को विभागीय अमला बताकर मोबाईल नम्बर 8276962537 एवं 8584886106 के माध्यम से अभ्यर्थियों को फोन करके नौकरी लगाने के नाम पर पैसों की मांग कर रहा है। उक्त संबंध में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने समस्त अभ्यर्थियों से अपील की है। यह फर्जी फोन कॉल है। अभ्यर्थी इस तरह की झांसे में न आए, किसी भी प्रकार का रूपए की लेन देन न करें। जिला महिला बाल विकास विभाग द्वारा इस तरह की कोई फोन कॉल नहीं किया गया है।

मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट को पुलिस ने दी सुरक्षा का भरोसा

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कांकेर शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ बघेल एवं अनुविभागिय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना कांकेर पुलिस द्वारा कांकेर में संचालित मेडिकल कॉलेज का भ्रमण कर नवागंतुक छात्र-छात्राओं एवं मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों से सौजन्य भेंट कर पुलिस सहायता हेतु संपर्क नंबर के संबंध में अवगत कराया गया साथ ही पुलिस सहायता संपर्क नंबर के बोर्ड भी कॉलेज परिसर में लगाए गए। पुलिस ने छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुए उन्हें बताया कि कांकेर में सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत है। वह स्वच्छंद एवं निर्भिक होकर अपनी पढ़ाई करें। पुलिस उनकी सुरक्षा एवं सहायता हेतु सदैव तत्पर है।

कार की हेडलाइट और डैशबोर्ड के अंदर रखा था गांजा, पुलिस ने दो को पकड़ा

नगरी/नवप्रदेश। पुलिस को चकमा देने के लिए तस्कर तरह-तरह के उपाय व नायब तरीका अपनाते हैं। ऐसा ही एक तरीका दो तस्करों ने अपनाया, पर उनकी चालाकी धमतरी पुलिस के सामने धरी की धरी रह गई। दरअसल, तस्कर कार की हेडलाइड व डैशबोर्ड में गुप्त चेंबर बनाकर करीब 5 लाख रुपए के गांजे की तस्करी कर रहे थे जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों तस्कर उत्तर प्रदेश के है। पुलिस ने बताया कि 17 फरवरी को पुलिस द्वारा नाके और चौक-चौराहों पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बोराई थाना क्षेत्र के सामने बैरियर नाका के पास दिल्ली की मारुती कार को रोका गया। कार में दो व्यक्ति बैठे मिले जिनकी गतिविधि संदिग्ध लगी। दोनों ने पूछताछ में अपना

नाम तहसीन त्यागी 27 वर्ष जिला मुजफ्फर नगर (छपरा) उत्तर प्रदेश और काहीद त्यागी 24 वर्ष छपरा जिला मुज्जफर नगर बताया। कार की तलाशी ली गई तो हेडलाइट के अंदर और डैशबोर्ड से 85 किलो 750 ग्राम गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजे की कीमत करीब 5 लाख रुपए है। दोनों आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

पत्रकारों को धमकी, कलेक्टर-एसपी से मिले प्रेस क्लब के सदस्य, निष्पक्ष जांच की मांग

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के भोपालपट्टनम ब्लाक के रुद्रारम और तिमेड में 15 पत्रकारों को पंचायतों से अवैध वसूली का आरोप माओवादियों के नाम से असामाजिक तत्वों द्वारा पर्चे फेंक जनअदालत में सजा देने की बात कही गई थी। जिसके बाद 15 फरवरी को माओवादियों ने उस कथित

पर्चे को फर्जी बता खंडन किया था। गुरुवार को कलेक्टर राजेंद्र कटारा व एसपी कमलोचन कश्यप से मिल कर पत्रकारों को धमकी मामले पर जांच के लिए प्रेस क्लब के सदस्यों ने ज्ञापन सौंपा है। दोनों जिलाधिकारियों ने मामले में जांच का आश्वासन दिया है। जांच एसडीओ स्तर के अधिकारी के माध्यम से की जा रही है। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष कमलेश पैंकरा, बसंत मामडीकार, राजेश झाड़ी, श्याम करकु, धनश्याम यादव, गुप्तेश्वर जोशी, अमरेश्वर पांडे, प्रशुन शर्मा, नवीन दुर्गम, कुशल चोपड़ा, रत्तू तेलम, यतीन्द्र नायर एवं अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

पुलिस की जनदर्शन कार्यक्रम में महिला एवं बच्चों की सुरक्षा पर विशेष जोर

जगदलपुर/नवप्रदेश। अपराधिक तत्वों के विरूद्व बस्तर पुलिस के द्वारा आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों पर अभियान चलाकर कार्यवाही किया जा रहा है। दूसरी ओर आम जनता के बीच पहुंचकर सामुदायिक पुलिसिंग के अन्तर्गत लोगों के विभागीय समस्याओं का मौके पर निराकरण कर पुलिस और आम जनता के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित किया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के द्वारा जगदलपुर स्थित धरमपुरा में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उप पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा स्वयं जनता के मध्य बैठकर पुलिसिंग के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई जिसमें साईबर अपराध, किरायेदारों के संबंध में जानकारी, महिला सुरक्षा हेतु अभिव्यक्ति एप, सीसीटीवी कैमरा आदि बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। साथ ही बेहतर पुलिसिंग हेतु जनता से सुझाव भी लिया गया। महिलाओं और बच्चों के सुरक्षा हेतु तैनात पिंक टीम एवं महिला सहायता प्रकोष्ठ जगदलपुर के सक्रियता एवं सम्पर्क सूत्र के संबंध में भी अवगत कराया गया। इसके अलावा सायबर ठगी के मामलें में सावधान रहने की अपील भी किया गया है। वार्डवासियों के द्वारा बेहतर पुलिसिंग हेतु आवश्यक सुझाव भी दिया गया है एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महान दास, पल्लवी, कृष्णा कुड़ी, गोल ढाली, कृति नागे, यश ठाकुर, गरिमा दास, नरेन्द्र दास आदि बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मेडल दिया गया एवं जन कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले वार्डवासियों को भी उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एएसपी ओपी शर्मा, आईपीएस (प्रोबेशनर) स्मृतिक राजनाला, नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, थाना प्रभारी बोधघाट लालजी सिन्हा, थाना सिटी कोतवाली प्रभारी एमन साहू, थाना प्रभारी परपा धनंजय सिन्हा एवं एल्डरमेन अमर सिंह, वार्ड पार्षद सुनीता सिंह, बलराम यादव, दयाराम एवं वार्ड के नागरिकगण उपस्थित थे।

अबूझमाड़ क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाने का काम धीमा

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय का एक ऐसा वार्ड जिला बनने के बाद से ही यहां के निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। बात करें जब या ग्राम पंचायत हुआ करता था व बाद में नगर पंचायत बना, पूर्व के 15 सालों के कार्यकाल में सबका साथ सबका विकास का नारा लोगों को सुनाई पड़ा पर विकास वार्डो मे लगातार वार्ड वासी मांग करते रहे कि वार्ड में पुलियों का निर्माण एवं सीसी रोडो की निर्माण के लिए 2009 से लगभग 12 सालों से लोगों ने आवेदन पर आवेदन कभी नगरपालिका तो कभी जिला कलेक्टर कभी तहसील ऑफिस में अवैध कब्जा रोकने दे दे कर तक चुके हैं। और विकास क्या हुआ कुछ बताने की जरूरत नहीं या तस्वीरें बयां करती है। वार्ड वासियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से बात की गई उन्होंने सीसी रोड जल्दी बनाने का आश्वासन दिया और काम चालू कराया गया था इस पूरे कार्य को नामी ठेकेदार के द्वारा बड़े ही शातिराना तरीके से पालिका चुनाव से पहले जहां से बनाना था सड़क ठीक दूसरे दिशा से निर्माण कर आधा अधूरा कर रोका गया जिन

जिम्मेदारों की जिम्मेदारी थी वह नजर नहीं आए पूरे मामले पर वार्ड के लोगों का कहना है जो अब तक भी कार्य पूर्ण नहीं होता दिख रहा महज कुछ ही मीटर सीसी रोड बनना है जिसके बीच छोटी सी (पुलिया या रपटा) बनेगी या मांग वार्ड के पूर्व पार्षदों व वर्तमान पार्षद को अवगत कराया गया पर काम होता बिल्कुल नहीं दिख रहा है। लोगों की मानो तो कभी नगर पालिका के लोग कहते हैं कि प्रस्ताव पास नहीं, कभी बनेगा तो कभी नहीं बनेगा लोग अपने आप को गुमराह होता महसूस कर रहे हैं। राजनीतिक प्रतिनिधियों को भी इस संबंध में अवगत किया गया। बड़ी बात छग के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सत्ता परिवर्तन के बाद जिला प्रवास दौरान आवेदन विधायक बंगला में वार्ड वासियों ने दी इन्ही मांगों को लेकर दिये, विकास के दावे करने वाले लोग नदारद जनता विश्वास करें तो किस पर, जिम्मेदार उच्च अधिकारियों की पहल से ही अब बची अपूर्ण कार्य पूर्ण होने की उम्मीद। कई साल गुजर गए ना सड़क बनी ना रपटा अभी गर्मी का समय है फिर बारिश आयेगा फिर बहना बनेगा ऐसा लोगों को लगता है, इससे पूर्व बचे सड़क बनी तो आसपास के निवासियों को घरेलू सामान, प्रशासन की सरकारी सेवाएं बीमार व्यक्तियों को ले जाने एम्बुलेंस जैसी सुविधाएं गलियों में पहुंचेगा। जिले में लगातार अबूझमाड़ क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाने वाली जिला प्रशासन को अपने ही पालिका के क्षेत्र में अधूरे निर्माण क्यों नहीं दिख रहा लगातार खबरों के चलने के बाद संज्ञान ना लेना तो दूर उस जगह पर आकर देखना भी मुनासिब नहीं समझ रहे हैं पालिका की अबूझमाड़ विकास से लगातार दूर हो रही है।

सामाजिक मिलन समारोह का भव्य आयोजन

किरन्दुल/नवप्रदेश। लौह नगरी किरन्दुल की गुरु घासीदास सेवा समिति एवं मिनिमाता महिला समिति किरन्दुल के तत्वधान में सामाजिक मिलन समारोह का भव्य आयोजन सतनाम भवन परिसर किरन्दुल में किया गया। समाज की महिलाओं के द्वारा गुरु घासीदास बाबा जी की आरती वंदना किया गया। तत्पश्चात सभी सामाजिक सदस्यों एवं बच्चों का चंदन लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों के लिए म्यूजिकल चेयर रेस का

आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं जीतने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरुस्कार एवं सांत्वना पुरुस्कार भी दिया गया। समिति अध्यक्ष के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया एवं सभी के लिए प्रीति भोज का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में सतनामी समाज के महा संरक्षक राजेश अजगले, अध्यक्ष उदय बघेल, सचिव संतोष महिलांगे, कोषाध्यक्ष विनोद मांडले, उपाध्यक्ष अमृत टंडन, संरक्षक शिव बारले, सुरेश पात्रे भैया पार्षद संगठन सचिव सौरभ पात्रे, मीडिया प्रभारी सितोष कुमार डहरिया, मिनि माता महिला समिति किरंदुल अध्यक्ष लीना भारद्वाज, स्नेहा पात्रे सचिव एवं समस्त सामाजिक सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

ग्रामीण सचिवालयों के माध्यम से 9 हजार 654 आवेदनों का निराकरण

कांकेर/नवप्रदेश। ग्राम स्तरीय प्रशासन को आम जनता से सीधे जोड़ने और पारदर्शी तथा संवेदनशील बनाने के लिए जिले के सभी 454 ग्राम पंचायतों में 'ग्रामीण सचिवालय' की शुरूआत माह जुलाई 2021 से किया गया है। ग्रामीण सचिवालय का उद्देश्य आम आदमी को शासन-प्रशासन की ओर नजदीक लाना है। ग्रामीण सचिवालय की इस व्यवस्था के बाद ग्रामीणों को अपनी समस्याओं, मांगो एवं आवेदन पत्र देने के लिए जिला कार्यालय व तहसील कार्यालय तक जाना नहीं पड़ रहा है। ग्रामीण सचिवालय के माध्यम से एक ओर जहां ग्रामीणों की हर छोटी-बड़ी समस्याओं का मौके पर निपटारा हो रहा है तो वहीं ग्राम स्तरीय प्रशासन में ग्रामीणों की भागीदारी भी सुनिश्चित हो रही है। इससे उनके समय और धन दोनों की बचत हो रही है। जिले में माह जुलाई 2021 से अब तक 9654 आवेदनों का

निराकरण किया जा चूका है, इनमें से 9072 ऑफ्लाईन आवेदनों का निराकरण किया गया तथा 582 ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हुये, जिसका निराकरण किया गया है, शेष 15 आवेदनों का निराकरण प्रक्रियाधीन है। ग्रामीण सचिवालय में प्राप्त आवेदन पत्रों की एन्ट्री मोबाईल एप में की जाती है तथा प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित की जाती है तथा कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा ग्रामीण सचिवालय में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समय-सीमा की बैठक में नियमित रूप से समीक्षा किया जाता है।

ग्रामीण सचिवालय में प्राप्त सेवाएं

जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु पंजीयन, विवाह पंजीयन, अविवादित नामान्तरण, पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन का बैंक सखियों के द्वारा मौके पर ही वितरण, नये पेंशन प्रकरणों की स्वीकृति, गांव में हैण्डपम्प, बिजली से संबंधित शिकायतों का निराकरण, ग्राम पंचायत में मनरेगा के कार्य एवं अन्य निर्माण कार्यों के मांगो का निराकरण, मनरेगा मजदूरी भुगतान का निराकरण, नये राशन कार्ड बनाना, राशन कार्ड में नये नामों को जोड़ना इत्यादि कार्य संपादित किये जाते हैं, साथ ही शासन की योजनाओं की जानकारी एवं उससे संबंधित हितग्राहियों का चयन भी ग्रामीण सचिवालय में किया जा रहा है।

सचिव को बनाया गया है समन्वयक

जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण सचिवालय के लिए ग्राम पंचायत के सचिव को समन्वयक बनाया गया है, जो ग्रामीण सचिवालय के लिए भी सचिव का कार्य कर रहे हैं। सभी ग्राम पंचायतों में सप्ताह के 01 दिन ग्रामीण सचिवालय आयोजित की जाती है, जिसमें ग्रामीण अधिकारी, सचिव,पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, हैण्डपम्प मैकेनिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वनरक्षक, मितानीन, लाईनमेंन, रोजगार सहायक आदि ग्राम स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहते हैं। उनके द्वारा ग्रामीण सचिवालय में जनता से प्राप्त शिकायत व समस्या संबंधी आवेदनों का निराकरण किया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण सचिवालय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो जिला स्तरीय अथवा विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी होते हैं, जिनके द्वारा मॉनीटरिंग किया जाता है।

भ्रष्टाचार में नीचे से ऊपर तक तहसील के डूबे अधिकारी-कर्मचारी

■ सिटीजन चार्टर : तय समय पर पूरा नहीं हो रहा तहसील कार्यालय में काम

रोहित वर्मा

खरोरा/नवप्रदेश। जमीन के सीमांकन, नामांतरण और बंटवारा जैसे काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं जिससे लोगों को महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं। दूसरे विभागों की तरह राजस्व विभाग में भी सिटीजन चार्टर बना है यानि किस काम के लिए कितना वक्त लगेगा यह तय है लेकिन तय समय पर काम नहीं हो रहे हैं। आरआई, पटवारी, तहसीलदार व एसडीएम समय पर काम नहीं कर रहे हैं। जमीन संबंधी कार्य के लिए जिम्मेदार राजस्व विभाग में सैकड़ों मामले महीनों से लंबित हैं। ज्यादातर मामले नामांतरण और सीमांकन के मामले हैं। सरकार आम लोगों के कामों निबटाने शिविर लगवा रही है, पखवाड़े मनाए जाते हैं लेकिन दफ्तर में अफसर-कर्मचारी काम को समय पर पूरा करने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। तहसील कार्यालय में नगर के अलावा दूर दराज के गांवों से लोग सीमांकन, नामांतरण, नकल, प्रमाण पत्र सहित दूसरे कामों के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं। सरकार की ओर से हर काम के लिए समय निर्धारित कर रखी है। इसके बाद भी लोगों का काम समय पर नहीं होता, महीनों से सीमांकन, नामांतरण और बंटवारे के मामले लटके हैं।

काम कराने किसी को अवैध पैसे न दे : भाजपा

भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष आयुष वर्मा ने कहा की अगर किसी को भी शिकायत हो तो उनके पास शिकायत करें किसी भी अधिकारी को अवैध पैसे न दे और साथ ही उन्होंने कहा की इन अधिकारी व कर्मचारियों को पता होता है कि गांव के लोग सीधे साधे होते हैं। अपने काम से मतलब रखते हैं। किसी विवाद या झमेले में पड़ना नहीं चाहते। इसलिए उनके द्वारा इन्हें बिना पढ़ा लिख परेशान किया जाता है व घुमाया जाता है। वहीं उन्हें यह नहीं पता की यह फ्लावर नहीं फायर है अगर इनका सब्र टूटा तो एक ही दिन में सब सही हो जायेंगे।

केस 1 — फौती के लिए एक माह पहले आवेदन दिया

खरोरा निवासी निशांत (बदला हुआ नाम) ने बताया की तहसील कार्यलय मे एक माह पूर्व फौता काटने (जिसके नाम पर जमीन हो उसकी मृत्यु के बाद परिवार के सदस्ययो के नाम पर करने की प्रक्रिया) के लिए आवेदन दिया था। उन्होंने नवप्रदेश को बताया कि जितने बार जाता हूं बाबू हमेशा कोई नया कागज लाने को बोलता है ओर घूमा रहा। पास ही खड़े एक व्यक्ति ने बताया 5 हजार देने पर तभी काम होगा। मैंने पैसा दिया और काम हो गया लेकिन यह गलत है।

केस 2 — सीमांकन के लिए एकड़ का 5000

वहीं बुडेरा निवासी खिलावन साहू ने बताया की उन्होंने अपनी 5 एकड़ जमीन का सौदा किया था। जमीन खरीदने वाले ने शर्त रखी थी की सीमांकन करवाने के बाद ही वह जमीन खरीदेगा। सीमांकन के लिए आवेदन देने के बावजूद बार-बार समय दिया जा रहा था। आखरी में बाबू ने 5000 प्रति एकड़ की दर से पैसे मांगे, मेरे परिचित का एक व्यक्ति मीडिया में है। उसके बोलने पर रेट 3000 किया गया। बावजूद 15000 रूपये बाबू को देने पड़े तब सीमांकन हुआ।

केस 3

ग्राम रायखेड़ा के स्वंत्रता सेनानी परिवार के लोगों ने कलेक्टर मे जीवन व्यपान करने के लिए जमीन की मांग की गई थी, जिसका ग्राम सभा से अनुबोदन भी पास हो चुका है। पटवारी रिपोर्ट बनाने के लिए पटवारी जंघेल ने पैसो की मांग की थी जिसकी शिकायत उन्होंने की थी। मामला प्रकशित होने के बाद उन्होंने रिपोर्ट तो बना कर दे दी, पर रिपोर्ट बनाने के तीन महीनो के बाद भी आज दिनांक तक उस मामले में तहसीलदार द्वारा कुछ नहीं किया गया व फाइल तहसील कार्यलय में दब कर रह गयी, हो सकता है अगर उसने पटवारी को पैसे दे दिए होते तो अभी तक उसे जमीन भी मिल चुकी होती।

पैसा फेंको तमाशा देखो

तहसील कार्यालय में उन्हीं लोगों का काम होता है जो पैसे देते है या जिनके चचा मेयर, विधायक या मंत्री हो जिनकी पहुंच नहीं होती उन्हें सिर्फ अलग -अलग नियम का हवाला देकर घुमाया जाता है। जब तक वह आदमी थक हारकर पैसे नहीं दे देता।

सिटीजन चार्टर नियम का नहीं हो रहा है पालन

तहसील दफ्तर में अलग-अलग मामलों के निपटारे के लिए तय समय निर्धारित है। सीमांकन हो या नामांतरण नियमों के अनुसार अधिकारी को उन्हें सिटीजन चार्टर नियमों के अनुसार तय समय में निपटाना होता है, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाता। यह मामले कई महीनों तक चलते रहते हैं और फरियादी इधर से उधर भटकते रहते हैं।

तहसील कार्यालय में ये होते हैं काम

नामांतरण, रिकार्ड दुरुस्ती, सीमांकन, रास्ता दिलाने बाबत, भू- राजस्व वसूली, भू-बंटन आदिवासी भूमि, बिना वसीयत का खाता प्रारूप, खाता विभाजन, फलदार वृक्षों का पट्टा, कोटवार नियुक्ति, भूमि का निस्तार पृथक-पृथक, फलदार वृक्षों का पट्टा, अवैध वृक्ष कटाई, भूमि आबादी घोषित, आबादी भूमि बंटन, अवैध उत्खनन, अतिक्रमण, अवैध कब्जा, राजस्व मामले के अतिरिक्त मामले शासकीय देय राशि वसूली बकाया तकाबी वसूली शोध प्रमाण पत्र वसूली राजस्व मामले विविध प्रकरण सहित अन्य शामिल हैं।

> इस मामले की जांच की जाएगी। शिकायत सही पाए जाने पर निमयानुसार कार्रवाई करेंगे।
>
> **प्रकाश टंडन, एसडीएम खरोरा।**

> अगर ऐसा कोई मामला है तो मुझे लिखित शिकायत कीजिये कोई भी अधिकारी गलत करेगा तो उस पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी उसे बक्शा नहीं जायेगा।
>
> **अनिता शर्मा, विधायक।**

मेला कुंड में नाबालिग की मिली तैरती लाश

मुंगेली/नवप्रदेश। सेतगंगा में माघी पूर्णिमा मेला का आयोजन चल रहा था। तभी युवक मेला घूमने गया था और युवक घर न आने पर परिवार वालों को लगा की लड़का मेला से वापस नहीं आया है पर आज युवक की लाश मेला कुंड में तैरती मिली। फ ास्टरपुर पुलिस ने छानबीन की तब पता चला कि मृतक युवक का नाम योगेश्वर बंजारा पिता सुरेश बंजारा उम्र 17 वर्ष ग्राम बोधिपारा का रहने वाला है और 16 तारीख को सेतगंगा मेला देखने आया हुआ था तब से घर नहीं पहुचा था। घासीदास मंदिर सेतगंगा कुंड की गहराई करीब 20-25 फि ट है जिसमें डूबने से युवक की मौत हो गई। पुलिस मौत का सही कारण पता लगाने में जुटी हुई है।

महिला समूहों और गौठान समितियों को सीएम भूपेश ने जारी किया 10.24 करोड़

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम के तहत पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़े महिला समूहों और गौठान समितियों को 10 करोड़ 24 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी की, इस राशि में 16 जनवरी से 15 फरवरी तक राज्य के गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से गोधन न्याय योजना के तहत क्रय किए गए गोबर के एवज में 5 करोड़ 62 लाख रूपए का भुगतान तथा गौठान समितियों को 1.88 करोड़ और महिला समूहों को 2.75 करोड़ रूपए की लाभांश राशि शामिल है। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री रूद्रकुमार, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, गोधन न्याय योजना के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एस. भारती दासन, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेसी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

निःशुल्क होगा मोतियाबिंद का ऑपरेशन मरीजों को मुफ्त दवा और भोजन भी

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राजधानी रायपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ मीरा बघेल के मार्ग दर्शन मे जिला अस्पताल पंडरी रायपुर में संचालित नेत्र विभाग की ओटी एवम ओपीडी सेवा को सिविल अस्पताल माना में स्थानांतरित किया गया है। 150 बेड के अस्पताल में सफल संचालन के लिए 3 नेत्र रोग विशेषज्ञ, 4 नेत्र सहायक अधिकारी, 2 नर्सिंग स्टाफ एवम 2 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। सीएमएचओ ने बताया कि शासकीय सिविल अस्पताल माना नेत्र रोग में अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार हो गया है एंव आंखों का ईलाज शुरू कर दिया गया है। 16 फरवरी को 2 मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी किए गए है। भविष्य में केस बढ़ाने के लिए सभी नेत्र सहायक अधिकारी को फील्ड लेबल मे कार्य कर के केसेस लाने के लिए भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि मरीज अस्पताल जाने से पहले कुछ जरुरी सामान अपने साथ ले जाए, जिससे 3 दिन रूकने में उन्हें परेशानी न हो जैसे कोई दवा चल रही हो बीपी-शुगर की, तो दवा और पर्ची साथ में रखे और पानी बोतल ग्लास, गर्म कपड़े एवं प्रतिदिन पहनने वाले कपड़े अवश्य अपने साथ ले के जाए। मरीज को 3 दिन रोकने पर प्रथम दिन मरीज की जांच, दूसरे दिन ऑपरेशन, तीसरे दिन आंखों में दवाई तथा चौथे दिन डिस्चार्ज दी जाती हैं। इस दौरान मरीज को निःशुल्क भोजन एवं दवा की व्यवस्था भी की गई हैं।

शासकीय कार्य में लापरवाही, चिकित्सा अधिकारी निलंबित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा सरगुजा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव तिग्गा को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया गया है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि डॉ तिग्गा द्वारा आपातकालीन ड्यूटी से नदारद रहते हुए अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरती गई। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन है। निलंबन अवधि में डॉ तिग्गा का मुख्यालय सीएमएचओ कार्यालय जिला बलरामपुर-रामानुजगंज नियत किया गया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। ज्ञातव्य है कि पिछले मंगलवार की शाम को एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर में परिजनों द्वारा भर्ती कराया गया था। चिकित्सक के नदारद रहने तथा नर्स के लापरवाही के कारण जन्म से पूर्व शिशु की मृत्यु हो जाने के मामले में संयुक्त संचालक एवं सीएमएचओ सरगुजा द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग रायपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया गया था।

पेंशन राशि आहरण कर भुगतान नहीं करने पर सचिव निलंबित

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले के विकासखंड मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबनमाल में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत पेंशन वितरण में अनियमितता के खबर को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ को प्रकरण की जांच कराने एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया था। जिला पंचायत सीईओ को प्रकरण की जांच उपरांत जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में पेंशन योजना के क्रियान्वयन में ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा घोर लापरवाही बरतना पाया गया। उक्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोक्तिमा यादव ने ग्राम पंचायत धोबनमाल के सचिव गौरीशंकर यादव को निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश प्रसारित किये है। इसके साथ ही कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार का दोषी पाये जाने के फलस्वरूप ग्रामपंचायत धोबनमाल के सरपंच जगतराम नागेश के विरुद्ध छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (1) (क) (ख) के तहत पद से पृथक करने की कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व मैनपुर को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में अवगत कराया गया है किग्राम पंचायत धोबनमाल में सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत सितंबर सेनवंबर 2021 कुल 03 माह की वृद्धा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन की राशि 1,43,000 रूपये सरपंच जगतराम नागेश एवं सचिव गौरीशंकर यादव द्वारा पेंशन राशि आहरण कर पेंशनधारियों को भुगतान नहीं किया जाना पाया गया। सचिव गौरीशंकर यादव द्वारा ग्राम पंचायत धोबनमाल सेक्टर के करारोपण अधिकारी को पेंशन राशि दिसंबर 2021 तक किये जाने संबंधी जानकारी दिया जाकर गुमराह किया जाता रहा। जबकि उनके द्वारा माह अगस्त 2021 तक का ही भुगतान किया गया था। विदित हो कि शासन द्वारा सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत पेंशनधारियों को डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में पेंशन राशि अंतरण किये जाने के निर्देश है। जिन पेंशनधारियों का खाता आनलाईन पीएफएमएस में रजिस्टर्ड नहीं है, उन्हें ग्राम पंचायतों के माध्यम से उनके बैंक खाते में आर.टी.जी.एस. के माध्यम से भुगतान करने के निर्देश समय-समय पर जारी है। किंतु सरपंच एवं सचिव द्वारा पूरी राशि नगद आहरण किया जाकर गबन की नियत से अपने पास रखा जाना पाया गया, जिसे शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल संबंधित सेक्टर के करारोपण अधिकारी के माध्यम से पेंशनधारियों को पेंशन भुगतान करवाया गया है।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव अमिताभ जैन के निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोसकर संदीपान एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने मंगलवार को जिलें के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, टी.आई. तथा थाना प्रभारियों की बैठक लेकर जिलें में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जिलें में चल रहे अवैध कार्य एवं सामाजिक बुराई वाले कामों पर नकल कसने के निर्देश अधिकारियों को दिए साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सूचना तंत्र को मजबूती प्रदान करने के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के लिए राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भोसकर ने कहा कि नागरिकों को बेहतर प्रशासन देना जिला प्रशासन का दायित्व है। इस हेतु राजस्व और पुलिस प्रशासन की उपस्थिति सभी क्षेत्रों में दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आम जनता को न्याय देने के लिए निष्पक्ष होकर कार्य करना चाहिए ताकि आम जनता की नजर में उनका सकारात्मक छवि बने और प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा हो। उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों के कार्य से असामाजिक तत्वों में भय का वातावरण निर्मित हो। ताकि आम जनता भयमुक्त होकर कार्य कर सकें। इस अवसर पर उन्होंने अवैध गतिविधियों पर सतत नजर रखने और अवैध गतिविधियों पर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने कमजोर वर्ग के लोगों के हितों की रक्षा के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्यकरने की बात कही। बैठक में उन्होंने जमीन संबंधी मामलों व अन्य छोटी-छोटी वाद विवाद के मामलों को गंभीरता से लेने और उचित कार्यवाही कर पीड़ित को न्याय दिलाने की भी बात कही। इस अवसर पर उन्होंने रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन और शासकीय भूमि में अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था के संबंध में राजस्व और पुलिस विभाग की यह महत्वपूर्ण बैठक है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की भूमिका सभी क्षेत्रों में रहती है। पुलिस को घटना स्थल पर तत्काल पहुंचता होता है। वर्दी का सम्मान बरकरार है। उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के आपसी समन्वय से कार्य करने पर बड़ी से बड़ी समस्या का सकारात्मक निराकरण हो जाता है। उन्होंने पुलिस को आचरण में मानवीय संवदेना को ध्यान में रखकर कार्य करने की बात कही। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, प्रशिक्षु आईपीएस पूजा कुमार, एएसपी पंकज पटेल, एसडीएम बेमेतरा दुर्गेश वर्मा, बेरला संदीप ठाकुर, नवागढ़ प्रवीण तिवारी, एसडीओपी राजीव शर्मा सहित पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

समितियों के मांग अनुरूप उपलब्ध कराया जा रहा खाद

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि रबी सीजन 2021-22 में समितियों के मांग (रिलीज आर्डर एवं डीडी/पोटा डेटेड चेक) के माध्यम से समितियों को सुचारू रूप से रासायनिक खाद प्रदाय किया जा रहा है। इसी तरह खरीफसीजन 2022 हेतु विपणन संघ के खाद भंडारण केन्द्रों में भी रासायनिक खाद का अग्रिम भंडारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समितियों द्वारा अग्रिम भंडारण के तहत खाद की मांग (रिलीज आर्डर एवं पोस्ट डेटेड चेक) के आधार पर समितियों को खाद प्रदाय किया जा रहा है।

व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बनाए गए राम वर्मा

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक बिलासपुर संभाग के संभागीय बैठक में प्रदेश के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक प्रदीप सिंह संभागीय बैठक में व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक पद पर ठाकुर राम वर्मा को नियुक्त किया गया।

'सायबर की पाठशाला' से ठगी से बचने दी जाएगी जानकारी

सूरजपुर/नवप्रदेश। वर्तमान समय में समाज में जैसे-जैसे तकनीक का उपयोग दैनिक जीवन में बढ़ रहा है वैसे-वैसे नये अपराध समाज में बढ़ रहे हैं। जिनमें आर्थिक और सामाजिक अपराध और उनमें कम्प्यूटर, मोबाइल व इंटरनेट का प्रयोग करके अपराधी प्रवृत्ति के लोग नागरिकों की जीवन भर की कमाई लूट रहे हैं। महिलाओं को परेशान करने व अपमानित करने के लिए भी असामजिक तत्व सोशल मीडिया का प्रयोग कर रहे। फर्जी नंबरों से फोन काल, नकली बैंक अधिकारी बन ठगी, केवाईसी सत्यापन के नाम पर आनलाइन ठगी जैसे अपराध घटित हो रहे। इन सभी अपराधों के मूल में पीड़ित की अज्ञानता अथवा लालच ही पहला चरण होता है। पुलिस तो अपराध विवेचना का काम करती है, परंतु सामान्य जन को भी नये तकनीक का इस्तेमाल करने में पर्याप्त सावधानी रखनी चाहिए जिससे वे ठगी का शिकार होने से बचे। इसी क्रम में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल की अभिकल्पना व मार्गदर्शन में सायबर सेल सूरजपुर पुलिस द्वारा 'सायबर की पाठशाला' के नाम से सायबर जागरूकता अभियान शुरू किया जा रहा है जिसमें नियमित अंतराल पर संदेश, पोस्टर, कार्यशाला व अन्य माध्यमों से जनसामान्य को सायबर से संबंधित विषयों पर जागरूक किया जाएगा, साथ ही थाना-चौकी की पुलिस साप्ताहिक बाजारों, स्कूलों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सायबर अपराध की जानकारी देगी ताकि नागरिकगण अधिक सक्षमता से तकनीक का इस्तेमाल कर सके व समाज में सायबर अपराधों में कमी आए।